आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 87- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 29 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## मप्र में विधानसभा चुनाव से पहले शिवराज कैबिनेट विस्तार की तैयारी

# कई मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी !

**भोपाल ।मध्य प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राज्य की शिवराज सरकार जल्द कैबिनेट विस्तार कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेताओं ने दिल्ली में इसे लेकर एक बैठक की है।**

बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार और विभिन्न आयोगों के अध्यक्षों के पदों को लेकर चर्चा की गई है। एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश भाजपा महासचिव हितानंद, भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इस बैठक में शामिल हुए। यह बैठक भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष के आवास पर हुई और इसमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव प्रकाश भी शामिल हुए। आपको बता दें कि वर्तमान में मध्य प्रदेश में 31 मंत्री हैं और अधिकतम 35 मंत्री हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिंडल में अनुसूचित जनजाति को प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए पार्टी दो एसटी नेताओं सुलोचना रावत और गौरी शंकर बिसेन को मंत्रिमंडल में शामिल कर सकती है। आदिवासी नेता रावत कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे और जोबट विधानसभा से उपचुनाव जीता था। माना जा रहा है कि उन्हें महिला एवं बाल विकास मंत्री बनाया जा रहा है। वहीं बिसेन कैबिनेट रैंक के साथ ओबीसी कल्याण समिति के अध्यक्ष हैं। गोविंद सिंह राजपूत जैसे कुछ मंत्रियों के पास एक से अधिक विभाग हैं। इनसे कुछ विभाग वापस लेकर नए मंत्रियों की नियुक्ति की जा सकती है। सूत्रों ने बताया कि कुछ मंत्रियों के पोर्टफोलियो में बदलाव भी किया जा सकता है, जबकि एक या दो मंत्रियों को मंत्री पद से हाथ भी धोना पड़ सकता है। बैठक में विभिन्न राज्य आयोगों में खाली पदों को लेकर भी चर्चा की गई और जल्द ही इन पदों पर भी राजनीतिक नियुक्तियां की जाएंगी। बैठक में आने वाले समय में खाली होने वाली तीन राज्यसभा सीटों को लेकर भी चर्चा हुई। भाजपा इसमें से दो सीटें जीत सकती है और पार्टी ने एक सीट से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राज्यसभा भेजने का फैसला पहले ही कर लिया है। दूसरी सीट को लेकर अभी भी चर्चा चल रही है। माना जा रहा है कि इस सीट से पार्टी अनुसूचित जाति के किसी नेता को चुनावी मैदान में उतार सकती है।







# रात के अंधेरे में कुएं में गिरी कार

## पिता व दो मासूम बच्चों की मौत

**सागर।** मोती नगर थाना क्षेत्र के गोविंद नगर में रात के अंधेरे में एक कार अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरी। कार में पिता और उसके दो पुत्र सवार थे। घटना रात करीब 11:00 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची, जिसने रेस्क्यू कर क्रेन की मदद से कार को कुएं से बाहर निकाला। इस हादसे में कार में सवार पिता और उसके दो पुत्रों की मौत हो गई। जिनके शव देर रात कुएं से बाहर निकाल लिए हैं। जानकारी के अनुसार सिहोरा के पास शिकारपुर शासकीय स्कूल में पदस्थ शिक्षक हिमांशु तिवारी 45 वर्ष रात में अपने घर के बाहर अपने सात वर्षीय बेटे बिट्टू और 4 वर्षीय बेटे ध्रुव के साथ कार में थे। तभी कार ने अचानक रफ्तार पकड़ ली और अनियंत्रित होकर घर के पास बने कुए में जा गिरी। हादसे की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। जिसके बाद मोती नगर पुलिस मौके पर पहुंची। कुआं काफी बड़ा और गहरा था। पानी अधिक होने के कारण कार गहरे पानी में डूब गई। आनन-फानन पुलिस ने एसडीआरएफ और क्रेन को मौके पर बुलाया। क्रेन की मदद से कार को कुएं से बाहर निकाला गया। इस हादसे में कार में सवार शिक्षक और उनके दोनों मासूम बच?चों की मौत हो गई। तीनों के शवों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। घटनास्थल पर अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू में काफी परेशानी हुई। हादसे के बाद शिक्षक के परिवार में मातम का माहौल है।

## गर्मी की मार

# बिजली संकट से हाहाकार

### देश के कई राज्यों में गुल होने लगी बत्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और पंजाब समेत देश के कई राज्यों में प्रचंड गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। दिल्ली, हरियाणा के कई इलाकों में गुरुवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था और आने वाले दिनों में ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। लेकिन इस बीच चिंता की बात है कि दिल्ली समेत कई राज्यों में पावर कट से यह मुसीबत और बढ़ सकती है। भीषण गर्मी के चलते बिजली की डिमांड बढ़ गई है और कोयले की सप्लाई में कमी देखी जा रही है। दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में पहले से ही बिजली की कटौती चल रही है और आने वाले दिनों में यह संकट और बढ़ सकता है।



### मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती शुरू

मध्य प्रदेश में भी संकट गहरा गया है। रोजाना 14 रैक कोयले की जगह प्रदेश को 10 रैक कोयला ही मिल रहा है। इससे परेशानी और बढ़ गई है। आने वाले समय में गंभीर बिजली संकट होने की आशंका बढ़ गई है। प्रदेश में बिजली की मांग 12 हजार मेगावाट की है, लेकिन 10 हजार मेगावाट बिजली ही मिल रही है। 2000 मेगावाट बिजली की कमी है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों कटौती की जा रही है। एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी को थर्मल प्लांट्स चलाने के लिए प्रतिदिन 58 हजार टन कोयले की जरूरत है, लेकिन करीब 50 हजार मीट्रिक टन ही कोयला मिल रहा है।

### कहां कितना बचा कोयले का स्टॉक

मप्र के चार थर्मल पॉवर प्लांट में सिंगाजी प्लांट में सिर्फ 4 दिन का स्टॉक ही बचा हुआ है। इस प्लांट की क्षमता 2520 मेगावाट है। वहीं, सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट में भी 7 दिन का कोयला बचा है। संजय गांधी प्लांट में भी 26 दिन की जगह सिर्फ 2 दिन का कोयला बचा हुआ है। अमरकंटक प्लांट में 4 दिन का कोयला का स्टॉक बचा है।

### दिल्ली में मेट्रो और अस्पतालों पर भी पड़ सकता है असर

दिल्ली सरकार ने गुरुवार को कहा कि राजधानी में मेट्रो का संचालन और अस्पतालों को बिजली की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने मीटिंग बुलाकर हालात का जायजा लिया है और केंद्र सरकार को पत्र लिखकर कोयले की सप्लाई बढ़ाने की मांग की है। दिल्ली सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया, च्दादरी और ऊंचाहार पावर स्टेशनों से बिजली की सप्लाई में कमी आई है। ऐसे में कई ऐसे संस्थानों के लिए बिजली आपूर्ति में संकट आ सकता है, जो 24 घंटे चलते हैं।

## मप्र 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट घोषित

## 10वीं के 59.54 प्रश, 12वीं के 72 प्रश स्टूडेंट हुए उत्तीर्ण

# छोटे शहरों की बेटियों ने किया टॉप



**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की 10वीं और 12वीं बोर्ड का रिजल्ट शुक्रवार को दोपहर 1 बजे घोषित कर दिया गया। कक्षा 10वीं में छतरपुर की नैंसी दुबे और सतना की सुचिता पांडे ने टॉप किया है। दोनों ने 496 नंबर हासिल किए हैं। स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) और सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार माध्यमिक शिक्षा मंडल में सिंगल क्लिक से रिजल्ट जारी किया। करीब 18 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। 10वीं कक्षा में 59.54 प्रतिशत पास हुए हैं। जबकि 12वीं में 72 प्रतिशत स्टूडेंट उत्तीर्ण हुए है। 12वीं में कला समूह में सागर की इशिता दुबे 480 नंबर के साथ टॉपर हैं। विज्ञान गणित समूह में श्योपुर की प्रगति मित्तल (494 अंक) ने और कॉमर्स समूह में मुरैना की खुशबू से शिवहरे (480 अंक) ने टॉप किया। जीव विज्ञान समूह में शाजापुर की दिव्यता पटेल (491अंक) ने टॉप किया है। 12वीं में अलीराजपुर जिले का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा। यहां 93.24 प्रतिशत बच्चे पास हुए।

## मध्य प्रदेश में गर्मी के तेवर तल्ख

# कई जगहों पर लू ले रही लोगों का कड़ा इम्तिहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर आज भी जारी है। अनेक जगहों पर लू चलने से गर्मी के तेवर और सख्त हो गए। राजगढ़ और छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव में गर्मी के तेवर सख्त रहे। यहां पारा 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में इस समय किसी प्रकार का मौसमी सिस्टम नहीं है और मौसम शुष्क है। इसके चलते प्रदेश में गर्मी के तेवर लगातार सख्त होते जा रहे हैं। आज राजगढ़, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, खजुराहो, नौगांव, दमोह और रतलाम सहित कुछ और स्थानों में लू के प्रभाव से गर्मी के तेवर सख्त रहे। वहीं राजगढ़, खजुराहो और नौगांव में दिन का पारा 46 डिग्री तक पहुंच गया जो प्रदेश में सर्वाधिक है।



इसके साथ ही राजधानी भोपाल तथा कुछ अन्य स्थानों में भी गर्मी के तेवर तीखे रहे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के सागर, ग्वालियर एवं चंबल संभागों के जिलों में तथा छिंदवाड़ा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, धार, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर और नीमच जिलों में लू चलने की संभावना जतायी गयी है। विभाग की मानें तो अगले 24 से 48 घंटों के दौरान मौसम में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। राजधानी भोपाल और उसके आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह से धूप के तेवर सख्त रहे। इससे गर्मी का प्रभाव जबर्दस्त रहा। यहां दिन का तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है।

### एक मई तक उत्तर भारत में चलेगी भयंकर लू तेजी से बढ़ेगा तापमान

उत्तर भारत के सभी राज्यों में अगले तीन दिन तक जबरदस्त लू चलेगी। मौसम विभाग का कहना है कि लू के प्रभाव के कारण 1 मई तक तापमान 48 डिग्री पर पहुंच सकता है। यदि ऐसा होता है तो गर्मी अपना 64 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देगी। इससे पहले अप्रैल 1958 में सबसे ज्यादा 48.3 डिग्री तापमान राजस्थान के बाड़मेर में दर्ज किया गया था। देश के 33 शहरों में गुरुवार को ही तापमान 44 डिग्री को पार कर गया। इनमें भी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 7 शहरों में तापमान 45 डिग्री से भी ज्यादा पहुंच गया।

# नई भूमिका मिलते ही गोविंद सिंह ने भरी हुंकार

### कहा-सरकार की कमियां करेंगे उजागर आलाकमान का भरोसा बनाए रखेंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए गए डॉ. गोविंद सिंह ने आज नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जमकर हुंकार भरी। उन्होंने कहाकि वह पूरी ताकत के साथ अपनी इस नई भूमिका को निभाएंगे। लहार विधानसभा से विधायक डॉ. सिंह ने संवाददाताओं से चर्चा में कहाकि वे पहले भी कार्यकर्ता थे और अब भी हैं। नई जिम्मेदारियों पर उन्होंने कहाकि वे पूरी ताकत के साथ नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाएंगे। साथ ही सरकार को जनता की समस्याओं के निदान के लिए मजबूर करेंगे। गोविंद सिंह ने कहाकि आलाकमान ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पार्टी की लाइन से चल कर सरकार की कमियों को उजागर करेंगे। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश विधानसभा में अब तक नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे कमलनाथ के इस्तीफा दिए जाने के बाद डॉ. सिंह को आज ही नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सातवीं बार के विधायक डॉ. सिंह इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की सरकार में मंत्री रह चुके हैं।



## गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

# ट्रेन में युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर चलती ट्रेन से फेंका

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। छतरपुर में एक अकेली युवती से ट्रेन में छेड़छाड़ कर अभद्रता करने का मामला सामने आया है, जहां इसका विरोध करने पर आरोपी युवक ने युवती को चलती ट्रेन से फेंक दिया। युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया।जानकारी के अनुसार घटना राज नगर के आसपास के गांव की है, जहां युवती अपने गृह नगर उत्तर प्रदेश के बांदा जा रही थी तभी ट्रेन में बैठा एक अज्ञात युवक उससे अभद्रता करने लगा। जैसे ही ट्रेन चली तो वह बदतमीजी पर उतर आया। आरोपी युवक छेड़छाड़ करने लगा, युवती ने अपने दांतों से उसकी उंगलियों को काट डाला जिससे खून बहने लगा और गुस्साए युवक ने युवती को चलती ट्रेन से फेंक दिया। जहां अब युवती जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। घायल युवती खुद को अविवाहित 25 वर्षीय गीता अवस्थी पिता बिंदादीन अवस्थी बता रही है, जो कि पड़ोसी उत्तरप्रदेश के बांदा जिले के चिलरोड ग्राम रिछावर पोस्ट छरीखेड़ा की रहने वाली है। घायल गीता की मानें तो वह अक्सर छतरपुर के बागेश्वर धाम आती है और इस बार भी वह आई थी, जहां वह ट्रेन से वापस घर बांदा जा रही थी तभी ट्रेन में तकरीबन 30 वर्षीय एक युवक मिला जो उससे छेड़-छाड़ करने लगा और मना करने पर भी नहीं माना मेरे विरोध करने पर मुझे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया।



# चीनी में हाहाकार 21 शहरों में लॉकडाउन

### लोगों को नहीं मिल रहा भोजन

**बीजिंग ।** दुनिया के अन्य देशों के साथ अब कोरोना ने चीन में कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि 27 शहरों में यहां लॉकडाउन लगाना पड़ गया। लॉकडाउन के दौरान सख्ती इतनी है कि 16.5 करोड़ लोग घरों में कैद रहने के लिए मजबूर हैं। सरकार की कठोर नीति और जीरो कोविड पॉलिसी नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। हालत ये है कि जो लोग भोजन के सामग्री इकट्ठा नहीं कर पाए उन्हें काफी मुश्किल से भोजन मिल पा रहा है। कहीं-कहीं तो 24 घंटे लोग भूखे रह रहे हैं और फिर अगले दिन 1 घंटे के लिए खाने का सामान खरीदने की मोहलत दी जाती है। बता दें कि महामारी के दौरान, चीन अपनी जीरो कोविड पॉलिसी पर अड़ा हुआ है। इसके तहत वायरस को रोकने के लिए लॉकडाउन, मास टेस्टिंग, क्वारंटीन और सीमाएं बंद करने, लोगों को घर से बाहर निकलने पर मनाही, बाहर निकलने पर भारी जुर्माना और जेल जैसे कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। चीन की सख्ती के बावजूद कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम नहीं हो रही है। इन कठोर प्रतिबंधों के कारण लोग भूखों मरने को मजबूर हैं।



### भूखमरी की नौबत

### इस साल मार्च में चीन में मामले अचानक बढ़ने लगे

इस साल मार्च में चीन में मामले अचानक बढ़ने लगे, देखते-देखते देश में संक्रमण ने रफ्तार पकड़ ली जो कि 2020 की शुरुआत में वुहान में शुरुआती प्रकोप के बाद से भी तेज है। प्रकोप के शुरुआती चरणों के दौरान पूर्वोत्तर जिलिन प्रांत बुरी तरह प्रभावित हुआ था। गुरुवार को, चांगचुन और जिलिन सिटी के अधिकारियों, जिनकी संयुक्त आबादी एक करोड़ 35 लाख से अधिक निवासियों की है, ने कहा कि वे जल्द ही लॉकडाउन को कम करना शुरू कर देंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह प्रक्रिया कैसी होगी, या किन परिस्थितियों में लोगों को घरों से निकलने की अनुमति दी जाएगी।

### ताइवान में बीते 24 घंटों में पहली बार कोरोना के 10 हजार से अधिक मामले

ताइवान में बीते 24 घंटों में पहली बार कोरोना के 10 हजार से अधिक मामले मिले। ताइवान की सरकार ने हाल ही में अपनी जीरो-कोविड पॉलिसी को हटाने का फैसला किया था लेकिन अब यब भारी साबित हो रहा है। ताइवान ने एक बार फिर से बड़े पैमाने पर अपनी सीमाओं को बंद कर दिया है और संक्रमण की संख्या को कम रखने के लिए महामारी के दौरान सख्त क्वारंटीन नियमों को लागू किया है।

# बोर्ड परीक्षा में निजी स्कूलों ने जबलपुर की बचाई साख

## 10 से प्रदेश की मैरिट सूची में 3 छात्र, 12 वीं में छात्रा ने बचाई लाज

**जबलपुर,यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम आज शुक्रवार दोपहर 1 बजे घोषित कर दिया गया। दसवीं की परीक्षा में निजी स्कूल के तीन छात्र प्रवीण्य सूची में आये हैं जबकि 12वीं गणित विषय की मॉडल स्कूल की छात्रा ने पहला स्थान प्राप्त किया है**

### 10वीं-12 वीं परीक्षा परिणाम घोषित

**12 वीं में सागर और रीवा की छात्राओं ने बाजी मारी, जबकि 10वीं में सतना और छतरपुर की छात्राओं को मिला पहला स्थान**

परीक्षा परीणाम जानने के लिए सुबह से ही विद्यार्थियों में उत्सुकता रही। 12वीं का परीक्षा परिणाम नियमित छात्रों का 72.72 जबकि प्राइवेट छात्रों 75.47 आया है। इसी तरह 10वीं नियमित छात्रों का परीक्षा परिणाम 59.54 वहीं प्राइवेट छात्रों का 19.59 परीक्षा परिणाम आया। प्रदेश की सूची में प्रथम स्थान रहली सागर की छात्रा इशिता दुबे कला समूह 12वीं प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 10वीं में छतरपुर उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा नैनसी दुबे और सतना हाईस्कूल मैहर की सुचिता पांडे ने प्रदेश की प्रवीण सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है।

– जबलपुर 12वीं मैथ्य विषय बारहवीं से मॉडल स्कूल की सिमरन कोष्ठा को प्रदेश की सूची में दसवां स्थान मिला। – इस बार भी लड़कों से आगे रही लाडलियां

### नागपुर के जालसाज ने जबलपुर के व्यापारी को ठगा

## करीब 9 लाख का माल मंगाकर डिस्ट्रीब्यूट करा दिया पेमेंट देने की बारी आई तो बंद कर लिया फोन

**जबलपुर, यशभारत।** नागपुर के एक जालसाज ने जबलपुर के व्यापारी को 9 लाख रूपयों की धोखाधड़ की। खुद को व्यापारी बताकर नागपुर के युवक ने 9 लाख का माल मंगाकर नागपुर के विभिन्न क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूट करा दिया अब पेमेंट करने की बारी आई तो जालसाज ने अपना फोन बंद कर लिया। पीड़ित व्यापारी ने अधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

दुर्गानगर चौक संजय नगर अधारताल निवासी नितिन विश्वकर्मा ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि एमस ब्रदर्स नाम से एक कंपनी ग्राम जटवा पनागर में है। उसकी कंपनी बिक्रेट ईंधन बनाने का काम करती है। पिछले दिनों नागपुर से रोशन रमेश देशमुख नाम एक व्यक्ति का फोन आया उसने बताया कि नागरपुर कोडांली जिले में उसकी मेसर्स जनता ट्रेडिंग नाम से कंपनी है।



रोशन रमेश देशमुख ने फोन में कहा था कि वह उसकी कंपनी का माल नागपुर में सप्लाई कराएगा और जिसकी पेमेंट 10 दिनों में कर दिया करेगा। रोशन रमेश के कहने पर जबलपुर से 14 ट्रकों में माल भरके नागपुर के विभिन्न इलाकों में भेजा गया। पूरा माल करीब 9 लाख रूपए का था। माल पहुंचाने के ठीक 10 दिन बाद जब रमेश रोशन से संपर्क किया गया तो उसका फोन बंद आ रहा था। नागपुर जाकर भी पता किया तो संबंधित व्यापारी का कहीं पता नहीं चला।

### दूसरे लोगों के साथ भी किया फ्राड

पीड़ित व्यापारी ने थाने में शिकायत करते हुए पुलिस को बताया कि जब वह नागपुर पहुंचे और रमेश रोशन नाम के व्यक्ति और उसकी कंपनी के बारे लोगों से पूछा तो पता चला कि संबंधित व्यापारी अन्य शहर के व्यापारियों को भी इसी तरह से चूना लगाया है।

### नागपुर जाएगी जबलपुर पुलिस

अधारताल पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर प्रकरण को जांच में लिया है। इस संबंध में जल्द ही अधारताल पुलिस नागपुर जाएगी जहां से फ्राड करने वाले व्यापारी की खोजबीन कर उसे गिरफ्तार करेगी।

### शादी निभाने चाहिए 10 लाख का दहेज

## पत्नी को प्रताड़ित कर घर से निकाला दे रहे जान से मारने की धमकी

**जबलपुर, यशभारत।** संजीव नगर थाना अंतर्गत दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसमें पति और ससुराल पक्ष के लोग पत्नी से 10 लाख की डिमांड कर प्रताड़ित कर रहे थे। लोक लाज के कारण पत्नी यह सब कह रही थी लेकिन हद तो तब हो गई जब पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया। जिसके बाद पुलिस ने दहेज प्रकरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 25 वर्षीय महिला निवासी छुई खदान थाना गढ़ा में मामला दर्ज करवाया है कि उसकी शादी 1 वर्ष पूर्व महेश गोटिया से हुई थी शादी में हैसियत के हिसाब से लाखों का दहेज दिया गया था लेकिन उसके बाद भी पति महेश गोटिया हमेशा दहेज की डिमांड करता था उसने लाख मिन्नतें की कि उसके पिता के पास अब इतने पैसे नहीं हैं कि दहेज की डिमांड पूरी की जा सके जिसके बाद आरोपी पति लगातार पीड़िता को प्रताड़ित करता रहा और दरमियानी रात उसके साथ मारपीट कर उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया । पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

## ससुर ने घर की लक्ष्मी को मिट्टी का तेल डालकर लगा दी आग

**रुह कंपा देने वाली घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप**

**जबलपुर, यशभारत।** मझौली में प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें घरेलु हिंसा करते हुए ससुर ने बहू के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग के हवाले कर दिया। धुंए के गुबार उठते हुए देख आसपास के लोगों ने तत्काल आग पर काबू पाया और पीड़िता को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती किया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

**Notice Inviting e-Tenders,**
**Jabalpur Municipal Corporation**
**Zone 06 Department 3rd Call**

**N.I.T. No. / PWD-e-tendering/PRO/169** **Dated : 28.04.2022**

Online percentange rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :

| S.No.Pkg/ Code | Work | District (s) | Probable Amount (Rs.) | Completion Period (month) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गोहलपुर पुलिस स्टेशन के पास मोतीनाला स्थित गोहलपुर पुल चौड़ीकरण का कार्य। (सर्वे, ड्राइंग डिजाइन सहित) | Jabalpur | 17186500/- (एक करोड़ इकहत्तर लाख छियासी हजार पांच सौ मात्र) | 12 Month |

(1) Interested bidders can view the NIT on website http://mptenders.gov.in. (2) The Bid Document can be purchased only online from 29.04.2022 (TIME) 10.30 a.m. to 13.05.2022 time 5.30 p.m.

**Executive Engineer Nagar Nigam, Jabalpur**

## नगर निगम की कार्रवाई पर मर्डर की धमकी : क्षेत्र में हड़कंप, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर में अवैध अतिक्रमणों पर नगर निगम ने कारज़्वाई कर, दुकानें हटवा दी थीं, जिसके बाद इंटरवाईजेस दुकान संचालक अब शिकायतकताज़् को जान से मारने की धमकी देते हुए मुआवजा की मांग कर रहा है। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दजज़् कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पप्पी देवी प्रजापति पति जुगल किशोर 45 वर्ष निवासी ब्रजमोहन मांडवा ने बताया कि गोरखपुर में सहाना शेख की इंटरप्राइजेस की दुकान है। कुछ दिन पहले नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने उसकी दुकान ढहा दी। जिसके बाद सहाना शेख इस कारज़्वाई का जिम्मेदार उसे मानते हुए मुआवजा की मांग कर रही है।

### लाखों रुपयों का मांग रहे मुआवजा

पीड़िता ने बताया कि आरोपी सहाना शेख का कहना है कि उसने नगर निगम को लिखित में शिकायत देते हुए बताया था कि उनकी दुकान शासकीय जमीन पर संचालित है। जिसके बाद ही उक्त कारज़्वाई को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई में आरोपी सहाना शेख का हजारों रुपयों का नुकसान हुआ है। लेकिन वह इस कारज़्वाई के लिए जिम्मेदार नहीं है। अब आरोपी लाखों रुपयों का मुआवजा मांगते हुए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रही है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दजज़् कर, जांच में लिया है।

### विधवा का प्रेमी निकला विवाहित

## शादी का झांसा देकर 5 साल तक किया दुष्कर्म

**जमीन हड़पने आरोपी ने विधवा महिला को फंसाया था प्रेम जाल में**

**जबलपुर यशभारत।** पति की मौत हो जाने के बाद महिला को सहारे की जरुरत थी। उसकी यह ख्वाहिश लार्डगंज में रहने वाले एक युवक ने पूरी कर दी। युवक ने विधवा महिला को प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ पांच साल तक दुष्कर्म किया। लेकिन जब शादी की बात आई तो युवक मुकर गया। इसके पीछे का कारण युवक का शादीशुदा होना सामने आया। विधवा महिला को जब इसकी जानकारी लगी तो उसके होश उड़ गए और उसने थाने पहुंचकर मामला दजज़् करवाया।लार्डगंज पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 52 वषीज़्य विधवा महिला ने 38 वषीज़्य युवक के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। जिसके बाद प्रकरण में एफआईआर दजज़् की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शादीशुदा है, लेकिन उसने यह बात पीड़िता से छुपाई और उसकी जमीन हड़पने के लिए पहले तो उसे प्रेम जाल में फंसाया और फिर उसका दैहिक शोषण किया। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
## लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग, जबलपुर

**Web site : www.mp.gov.in/pwdmp Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in**

## निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 03 2022-23/व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक : 19.04.2022

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | अमानत की राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2022_ PWDRB_ 199103_1 | जबलपुर जिले के म.प्र. उच्च उच्च न्यायालय में सी.सी.टी.वी. कक्ष में पुराने विद्युत पैनल बदलने का कार्य एवं सब मेन को म्यूजियम पैनल से सी.सी.टी.वी. पैनल में स्थानांतरित करने का कार्य। | Rs. 4.46 Lakh | 8900/- | 2000/- | 2 Month | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. तृतीय काल। |
| 2 | 2022_ PWDRB_ 199157_1 | जबलपुर जिले के बरगी शहपुरा चरगवां के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 8.00 Lakh | 16000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस। (जबलपुर हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 3 | 2022_ PWDRB_ 199169_1 | जबलपुर जिले के कटंगा सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.00 Lakh | 36000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 4 | 2022_ PWDRB_ 199178_1 | जबलपुर जिले के होमसाइंस सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 5 | 2022_ PWDRB_ 199181_1 | जबलपुर जिले के कलेक्ट्रोरेट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस। (जबलपुर हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 6 | 2022_ PWDRB_ 199183_1 | जबलपुर जिले के जे.ई.सी. सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस। (जबलपुर हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 7 | 2022_ PWDRB_ 199185_1 | जबलपुर जिले के हाईकोर्ट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.50 Lakh | 37000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 8 | 2022_ PWDRB_ 199186_1 | जबलपुर जिले के एम.एम.वी. सेक्शन के अंतर्गत अति महत्वपूर्ण बंगलों एवं अन्य बंगलों में विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.50 Lakh | 37000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 9 | 2022_ PWDRB_ 199187_1 | जबलपुर जिले के विक्टोरिया सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.50 Lakh | 31000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 10 | 2022_ PWDRB_ 199188_1 | जबलपुर जिले के मेडिकल सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.00 Lakh | 36000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 11 | 2022_ PWDRB_ 199189_1 | जबलपुर जिले के हेडक्वाटर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.00 Lakh | 28000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 12 | 2022_ PWDRB_ 199191_1 | डिंडोरी जिले के शहपुरा, मेहनडवानी, अमरपुर के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 11.00 Lakh | 22000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 13 | 2022_ PWDRB_ 199194_1 | डिंडोरी जिले के समनापुर, बजाग, करनजिया के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 14.00 Lakh | 28000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |
| 14 | 2022_ PWDRB_ 199196_1 | मण्डला जिले के बिछिया एवं निवास तहसील के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस। (मण्डला हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 15 | 2022_ PWDRB_ 199197_1 | मण्डला जिले के मण्डला सब डिवीजन एवं नैनपुर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस। (मण्डला हेतु) 2. प्रथम काल। |
| 16 | 2022_ PWDRB_ 199198_1 | मण्डला जिले के मण्डला सब डिवीजन के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30000/- | 2000/- | 1 वर्ष | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस। 2. प्रथम काल। |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 06.05.2022, 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग जबलपुर

जी- 12019/22

## ओबीसी एडवोकैट्स वेल्फेयर एसोसिएशन की याचिका हुई निराकृत

**शासकीय अधिवक्ताओ की नियुक्तियों में आरक्षण अधिनियम लागू करने हेतु हाईकोर्ट नही कर सकती सरकार को आदेशित**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश प्रदेश ओबीसी एडवोकेटस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जबलपुर हाईकोर्ट में एक याचिका क्रमांक 19494/2020 दायर कर सुप्रीम कोर्ट,हाईकोर्ट एवं जिला न्यायलयों तथा निगम एवं मंडलों में नियुक्त किए जाने वाले शासकीय अधिवक्ताओ एवं अन्य अधिवक्ताओ की नियुक्तियों में , मध्यप्रदेश लोकसेवा आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधान लागू करने की मांग की गई थी ।उक्त याचिका में उल्लिखित किया गया था की 1956 से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक भी एससी/एसटी का अधिवक्ता हाईकोर्ट जज के रूप में नियुक्त नही हो सका, इसका प्रमुख कारण यह है कि इस वर्ग को न्यायपालिका में समुचित भागीदारी से प्रारंभिक स्टेज से ही बंचित रखा गया है ।बिगत 30-35 वर्षो से अधिकांश हाईकोर्ट जज एडवोकेट जनरल ऑफिस में शासकीय अधिवक्ताओ में ही नियुक्तियां की जा रही है, इसलिए ओबीसी/एससी/एसटी वर्ग के योग्य अधिवक्ताओ को शासकीय अधिवक्ताओ के रूप में समुचित अवसर नही दिया जा रहा है ।इसलिए शासकीय अधिवक्ताओ की नियुक्ति, में आरक्षण अधिनियम 1994 लागू किया जाना आवश्यक है ।भारत के संविधान निर्माण समिति,संविधान सभा की डिवेट में स्पष्ट रूप से भारत को एक लोकतंत्र राज्य बनाने के लिए देश मे 8679 जातियों में विभक्त भारत को एक लोकतंत्रात्मक राज्य बनाने के लिए उक्त समस्त जाति वर्ग, को शासन एवं प्रशासन में अनुपातिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है लेकिन आजादी के बाद से देश मे न्यायपालिका में जाति वर्ग तथा परिवार विशेष के ही व्यक्ति हाईकोर्ट एवं सुप्रीमकोर्ट में जज नियुक्त होते आ रहे है जो बहुसंख्यक आवादी (एससी,एसटी,ओबीसी) के हितों के विपरीत असंवैधानिक फैसले/निर्णय कर रहे है । स्वास्थ्य लोकतंत्र के लिए बहुसंख्यक वर्ग के योग्य अधिवक्ताओ को हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट जज बनाने में ग्लास बाल(कांच की दीवार) बना दी गई है । उपरोक्त समस्त बिन्दुओ को याचिका में उल्लिखित किया गया था तथा याचिका की विस्तृत सुनवाई जस्टिस विवेक अग्रवाल द्वारा दिनांक 7 अप्रेल को की जाकर आदेश हेतु याचिका सुरक्षित रख ली गई थी जिस पर आज दिनांक 29 अप्रेल को 22 पृष्ट का फैसला /निर्णय पारित किया गया है ।फैसले में उठे गए मुद्दों से किनारा करते हुए कोर्ट द्वारा साधारण रूप में यह कहते हुए की उक्त आरक्षण नियम लागू करने वास्ते हाईकोर्ट सरकार को आदेशित नही कर सकती, तथा याचिका खारिज कर दी गई ।ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने उक्त निर्णय के विरुद्ध डिवीजन बैंच में अपील करने का फैसला लिया है । याचिका कर्ता एसोसिएशन की ओर से पैरवी अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर,विनायक शाह,उदय कुमार,प्रशांत चौरसिया,विष्णु पटेल,गंगाराम साकेत,परमानंद साहू,अञ्जनी कोरी,ओमप्रकाश पटेल,रूपसींग मरावी ने पैरवी की ।

## रेलवे टेक्नीशियन ने रिटायरमेंट के एक दिन पहले चुनी मौत

**जबलपुर यशभारत।** घर पर जहां रेल कर्मचारी के रिटायरमेंट की तैयारियां चल रही थी पूरे परिवार में खुशियों का माहौल था परिवार के सभी सदस्य अपने अपने कार्य में लगे हुए थे। पर उनकी है खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब उनको देर रात या जानकारी लगी की वाशिंग पिट में जिस रेल कर्मचारी ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी की है वह उसी परिवार का है । देर रात हुई इस घटना के संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर पेंटी नाका निवासी 60 वर्षीय कृष्णा स्वामी पिता काली अप्पा रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ था कल 30 अप्रैल को उसका रिटायरमेंट था रिटायरमेंट की तैयारियों को लेकर परिजनों में काफी खुशी का माहौल बना हुआ था गत दिवस वह अपने घर से साइकल से सवार होकर ड्यूटी करने आया हुआ था देर रात रेल कर्मचारी ने अज्ञात कारणों के चलते वाशिंग पिट में ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली रेलवे कर्मचारियों की नजर जब रेलवे लाइन में दो टुकड़ों में पड़े शव को देखा तो वह अवाक रह गए इस घटना की सूचना जीआरपी को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची जीआरपी ने मृतक की शिनाख्त कृष्णा स्वामी के रूप में की गई परिजनों को इस घटना की सूचना मिलते ही वह रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंचे रेल कर्मचारियों द्वारा पीड़ित पक्ष को ढांढस बंधाया गया। जीआरपी ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए यह जानकारी जुटाने में लगी हुई है कि रेल कमज़्चारी ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया जीआरपी ने मगज़् कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।



ट्रेन से कटकर दो टुकड़ों में बंट गया कर्मचारी

## मजबूत वितरण व्यवस्था से शुद्ध पेयजल की भरपूर आपूर्ति

**जबलपुर।** ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के जल विभाग द्वारा मजबूत पेयजल व्यवस्था बनाई गयी है, जिसके माध्यम से शहर के सम्मानीय नागरिकों को दोनो समय भरपूर मात्रा में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में शहर के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल पहुँचाया जा रहा है। जल वितरण व्यवस्था के संबंध में आज अधीक्षण यंत्री एवं जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डो में विभिन्न जलस्त्रोंतों एवं विभिन्न जलशोधन संयंत्रों के माध्यम से नागरिकों की प्यास बुझाई जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर में कुल भरी जाने वाली 60 उच्चस्तरीय टंकियाँ हैं, जिसके माध्यम से 251 एम.एल.डी. की आपूर्ति नागरिकों को प्रतिदिन की जा रही है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के के द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने और नागरिकों को राहत प्रदान करने की व्यापक पहल की जा रही है, जिसके अंतर्गत ललपुर फिल्टर प्लांट 1,2, रमनगरा फिल्टर प्लांट, राँझी फिल्टर प्लॉट, भोंगाद्वार प्लांट के साथ-साथ फगुआ नाला, परियट बांध, खंदारी बांध एवं गौर नदी जल स्त्रोत हैं, इन सभी फिल्टर प्लांटों से नागरिकों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि शहर में 908 ट्यूब वेल हैं और 2048 हैंण्ड पंप हैं जिनके माध्यम से भी लोगों को पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी के समय को देखते हुए प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हैंण्डपंप एवं सुधारने का कार्य भी तेजगति से कराया जाकर नागरिकों को जलसंकट से राहत प्रदान करने की कार्रवाई की जा रही है। जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि उपरोक्त व्यवस्थाओं के अलावा जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन नहीं हैं उन सभी जलसंकट वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 150 ट्रिप टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति कराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर ट्रिपों की संख्या में बढ़ोत्तरी भी की जायेगी। किसी भी क्षेत्र में जलसंकट की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जायेगी। वर्तमान समय में सभी टंकियों को पर्याप्त मात्रा में भरकर फुल दबाव के साथ टंकियों से भी आपूर्ति हो रही है। शहर के चारों दिशाओं मुख्यालय, अधारताल, गढ़ा एवं राँझी में टैंकरों से जलापूर्ति के लिए सब स्टेशन की स्थापना की गयी है। जहाँ से क्षेत्रीय नागरिकों को आवश्यकता एवं डिमांड अनुसार त्वरित टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल प्रबंधन की व्यवस्था है।



**निगमायुक्त के मार्गदर्शन में जल स्त्रोतों एवं जल शोधन संयंत्रों के माध्यम से बुझाई जा रही नागरिकों की प्यास**

# होटलों में घरेलू गैस सिलिंडरों का हो रहा था उपयोग

## खाद्य विभाग ने मारा छापा



**भोपाल।** जिले में वायु प्रदुषण नियंत्रण के दृष्टिगत खाद्य विभाग एवं नगर निगम भोपाल के संयुक्त दल द्वारा करोंद क्षेत्र में गुरुवार को विभिन्न होटलों की जांच की गई। दो होटलों पर घरेलू गैस सिलिंडर का व्यावसायिक रूप से उपयोग करते पाए जाने पर सात हजार 800 रुपये राशि के गैस सिलिंडर सहित अन्य सामग्री जप्त की गई। जांच के दौरान विभिन्न होटलों पर कोयला और लकड़ी से चलने वाले तंदूर का उपयोग करते पाए जाने पर तीन दिवस में कोयला और लकड़ी का उपयोग बंद करने की समझाइश होटल संचालकों को दी गई । जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति शाह नरवरिया ने बताया कि श्रीकृष्णा भोजनालय एंड फास्ट फूड कार्नर करोंद में घरेलू गैस सिलिंडर का व?यावसायिक रूप से उपयोग करते पाया गया। होटल से एक नग घरेलू गैस सिलिंडर, एक नग गैस भट्टी तथा एक नग रेगुलेटर मय पाइप जप्त किया गया। जप्त से सामग्री की कुल कीमत 2600 रूपये है। इसी प्रकार माही स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट लांबाखेडा होटल से दो नग घरेलू गैस सिलिंडर, दो नग गैस भट्टी तथा दो नग रेगुलेटर मय पाइप जप्त किया गया, जप्त सामग्री की कुल कीमत 5200 रूपये है। इस तरह दो रेस्टोरेंट से जब्त सामग्री का कुल मूल्य सात हजार 800 रुपये है। श्रीकृष्णा भोजनालय एंड फास्ट फूड करोंद और माही स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट लांबाखेडा के विरूद्ध प्रकरण तैयार किए गए। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि इसके अलावा महावीर भोजनालय करोंद, अलीना होटल वेज एंड नॉन वेज हाउसिंग बोर्ड चौराहा करोंद और बाबा होटल हाउसिंग बोर्ड चौराहा करोंद में ऐसे तंदूर का इस्तेमाल पाया गया, जिनमें ईंधन के रूप में कोयला, लकडी का उपयोग हो रहा था। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है और वायु प्रदूषण फैलता है। लिहाजा इन होटल संचालकों को तीन दिवस की समय-सीमा में कोयला, लकडी से चलने वाले तंदुर बंद करने के निर्देश दिए गए। यह कार्रवाई खाद्य विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा की गई।

# बेसहारा बुजुर्गों को मिला नया आसरा, प्राइड सोल वृद्धाश्रम का उद्घाटन



**भोपाल।** राजधानी में बेसहारा बुजुर्गों को छत और आसरा प्रदान के लिए एक और वृद्धाश्रम शुरू किया गया है। मारक्यू विकास एवं कल्याण समिति द्वारा प्राइड सोल नामक यह वृद्धाश्रम कोलार रोड पर स्थापित किया गया है, जिसका शुक्रवार को हेल्पेज इंडिया की प्रमुख संस्कृति खरे ने उद्घाटन किया। संस्कृति खरे उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपत थीं। उनके अलावा विशेष अतिथि के रूप में गांधी भवन के प्रमुख नामदेव, राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ के सत्यनारायण शर्मा, श्रीराम इंसटिट्यूट के प्रमुख वीके वर्मा के साथ प्राइड सोल वृद्धाश्रम की संचालिका विभा तिवारी ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वृद्धाश्रम के उद्घाटन के अवसर पर संस्कृति खरे ने कहा कि आज के समय में वृद्धाजनों की सेवा एवं उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए वृद्धाश्रम की आवश्यकता नहीं है, लेकिन आज भी देखने में आ रहा है कि अनेक घरों में पारिवारिक कलह के चलते वृद्धजन दयनीय स्थिति में जीवन-यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें आश्रय देना एवं उनका मनोबल बढ़ाने से उनमें शेष जीवन आनंदपूर्वक जीने की आस जागृत करने में वृद्धाश्रम एक अहम भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर प्राइड सोल वृद्धाश्रम की संचालिका विभा तिवारी ने बताया कि आज के आपाधापी के इस युग में वृद्धजनों की स्थिति एवं उनके साथ हो रहे अन्याय से सभी वाकिफ हैं, लेकिन जीवन के अंतिम पड़ाव में उनके साथ हो रहे खराब व्यवहार को देखकर मन में एक पीड़ा सी महसूस हुई और इसी के खातिर इस वृद्धाश्रम को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा में ही भगवान के दर्शनलाभ की आस्था को मन में रखकर वृद्धाश्रम आने वाले वृद्धजनों के मनोरंजन, स्वास्थ्य, सुखपूर्वक आवास और उनकी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अच्छी से अच्छी सुविधा के साथ सेवा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्रभात मित्तल द्वारा वृद्धजनों के लिए इलेक्ट्रानिक बीपी मानिटर भी भेंट किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच वूद्धजन का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एएम पाटिल ने किया। वहीं आभार राजन तिवारी द्वारा माना गया।

# फर्जी बही से कोर्ट में मिल रही थी जमानत



**भोपाल।** जिला अदालत में जमीन की फर्जी बही से आरोपितों को जमानत दिलाने वाली पांच सदस्यीय गैंग को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। इतना ही नहीं पुलिस ने आरोपितों से भारी संख्या में फर्जी बही भी बरामद की हैं। गैंग ने अब तक सैंकड़ों लोगों की जमानत फर्जी बही कोर्ट में जमा कराने का दावा कर रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एडीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक टीम ने फर्जी बही से जमानत दिलाने का दावा करने के आरोपित कोलार में रहने वाले सलमान शाह को पकड़ा था, और उसके पास से पुलिस ने दो नकली बही बरामद की थी। सख्ती से हुई। पूछताछ में आरोपित सलमान ने अपने साथी गुना में रहने वाले संदीप कुशवाहा का नाम बताया, जो रामकिशन के नाम से कोर्ट में फर्जी बही लेकर खड़ा होता और लोगों की जमानत कराता था। इसी बीच पुलिस को खबर मिली कि संदीप अपनी गैंग के साथियों के साथ कोर्ट परिसर में खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे और उसके साथियों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में संदीप के साथियों ने अपने नाम राजेंद्र मीणा, लोकेश यादव और गणेश मकवाना बताया।

### ऐसे चलता था कोर्ट में फर्जी बही का खेल

पुलिस को आरोपितों ने पूछताछ पर बताया कि आरोपित संदीप कुशवाह ने पूर्व गिरफ्तारशुदा आरोपित सलमान को फर्जी बही दी थी। बाद में संदीप रामकिशन के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत लेता था । आरोपित राजेन्द्र सिंह मीणा उर्फ गुड्डा फर्जी दस्तावेज पर जमानत लेता था आरोपित लोकेश यादव साठ-गाठ कर कोर्ट में फर्जी जमानतदारो को फर्जी दस्तावेज सहित तैयार कर जमानत के लिये कोर्ट में खड़ा करता था । गणेश मकवाना फर्जी बही 800 रुपये में उपलब्ध करवाता था । इसके अलावा और भी लोग इस धंधे में लगे हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगी है।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा-अब पीएचडी में नकल संभव नहीं

**भोपाल।** एपीएचडी में डिजिटल कापी भी जमा होती है। अब समय बदल गया है। अब पीएचडी में नकल संभव नहीं है। पीएचडी के विषयों से समाज को लाभ मिले। इसके लिए पीएचडी के क्षेत्र में नवाचार किए जाने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने पीएचडी को लेकर आयोजित कार्यशाला में कही। प्रशासन अकादमी में अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से गुरुवार को पीएचडी कालोक्वियम कार्यशाला आयोजित की गई। मंत्री डा. यादव ने कहा कि शोध को बढ़ावा देना अज की जरूरत है। उच्च शिक्षा विभाग भी इसके लिए निरतंर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सर्वांगीण विकास का माध्यम है। शिक्षा जीवन की सार्थकता का आधार है। उन्होंने कहा कि शोध कार्य की गुणवत्ता और देश समाज के लिए उसकी उपयोगिता का होना विकास की अनिवार्यता है। उन्होंने संस्थान द्वारा विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय कर शोध कार्य को दिशा देने की पहल की सराहना की। इससे पहले कार्यशाला के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वंचित वर्गों के विकास के लिए बौद्धिक चिंतन पर बल दिया जाना जरूरी है। पीएचडी शोध संगोष्ठी के बौद्धिक चिंतन की सार्थकता देश और समाज के लिए उपयोगी अनुसंधान में है, इसलिए संगोष्ठी का विचार-विमर्श पीएचडी शोधकर्ता और विषय-विशेषज्ञों तक सीमित नहीं रहे। उसका देश और समाज में व्यापक प्रसार होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र और समाज के विकास में ज्ञान और बौद्धिकता का जितना ज्यादा उपयोग होगा, देश और समाज का उतनी तेजी से विकास होगा।

# दैनिक वेतनभोगियों के लिए वेतन की नई दरें जारी

## उच्च कुशल से लेकर अकुशल श्रेणी के श्रमिकों को भी लाभ मिलेगा




**भोपाल।** जिले में काम करने वाले लाखों दैनिक वेतन भोगियों के लिए यह अच्छी खबर है। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने उनके वेतन की नई दरें जारी कर दी है। इससे उच्च कुशल से लेकर अकुशल श्रेणी के श्रमिकों को भी लाभ मिलेगा। इनमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी जोड़ा गया है। जिससे उन्हें बढ़ती महंगाई के समय में काफी राहत मिलेगी। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने श्रमायुक्त मप्र शासन इंदौर के आदेश के परिपालन में भोपाल जिले के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल 22 से 30 सितम्बर 22 तक की अवधि के लिए दैनिक वेतन की नई दरें निर्धारित की हैं। अकुशल कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मूल वेतन 6500.00 रूपये (प्रतिदिन 216.66), परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2625 रूपये (प्रतिदिन 87.50) इस प्रकार कुल प्रतिमाह 9125.00 रूपये (प्रतिदिन 304.16) निर्धारित किया गया है। अर्द्धकुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 7057.00 रूपये (प्रतिदिन 235.23), परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2925.00 रूपये (प्रतिदिन 97.50) इस प्रकार कुल वेतन 9982.00 रूपये (प्रतिदिन 332.73 रुपए)। इसी प्रकार कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मूल वेतन 8435.00 रूपये (प्रतिदिन 281.16) तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2925.00 (प्रतिदिन 281.50) इस प्रकार प्रतिमाह 11360.00 रूपये (प्रतिदिन 378.67 रुपए) कुल वेतन देय होगा। उच्च कुशल के लिये प्रतिमाह 9735.00 रूपये न्यूनतम मूल वेतन तथा 2925.00 रूपये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सहित कुल 12660.00 रूपये (प्रतिदिन 422 रुपए) कुल वेतन देय होगा। मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउंड अप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जायेगी। वित्त विभाग के परिपत्र अनुसार 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे हो तो उन्हें अगले उच्चतर रूपये में पूर्णांकित किया जाएगा। और 50 पैसे से कम राशि को छोड दिया जायेगा।



# भाजपा की बैठक में प्रशासनिक कसावट लाने पर जोर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के कोर ग्रुप और राष्ट्रीय नेताओं की दिल्ली में हुई बैठक में मिशन 2023 के रोडपैप पर चर्चा हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत, महाकोशल और मालवांचल प्रांत कार्यवाह और मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल के अलावा सह सरकार्यवाह अरुण कुमार भी मौजूद थे। लगभग चार घंटे चली इस बैठक में विभिन्न् नेताओं ने जो बात कही, उसके बाद तय किया गया कि चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के स्तर पर कसावट लाई जाए। निर्णय सामूहिक हों। पिछले विधानसभा चुनाव में जिस अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की भाजपा से दूरी बन गई है, उसे दूर करने के लिए इस वर्ग में नया नेतृत्व तैयार किया जाए। संघ नेताओं ने खरगोन में हुए दंगे में पीएफआइ और उसके साथ खड़ी कांग्रेस की चुनौतियों से निपटने के लिए संगठन के विस्तार की बात कही। माना जा रहा है कि कसावट लाने के लिए सत्ता और संगठन दोनों स्तर पर सर्जरी की जा सकती है। कुछ दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार कर उन मंत्रियों की छुट्टी की जा सकती है, जिनके विभागों में फैले भ्रष्टाचार के कारण सरकार की छवि प्रभावित हो रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बैठक में मप्र से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद और गृह मंत्री डा नरोत्तम मिश्रा शामिल हुए। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर भी बैठक में मौजूद थे। संघ नेताओं ने आदिवासी वर्ग के बीच जहर घोलने का काम कर रहे जय युवा आदिवासी शक्ति संगठन (जयस) और अनुसूचित जाति वर्ग के बीच वैमनस्य फैलाने वाले संगठन भीम आर्मी का मुद्दा भी उठाया।

# दिग्गजों से निपटने के लिए गोविन्द सिंह का बढ़ाया कद



**भोपाल ।** कांग्रेस को यदि मिशन 2023 पूरा करना है तो यह ग्वालियर-चंबल संभाग का साथ लिए बिना नहीं हो सकता है। 2018 के विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र ने कांग्रेस को भरपूर समर्थन दिया, जिसकी वजह से 15 साल बाद सत्ता में वापसी हुई थी। ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित दोनों संभाग के विधायकों के कांग्रेस छोड़ने की वजह से कमल नाथ सरकार अल्पमत में आई और सत्ता गंवानी पड़ी। भाजपा ने सत्ता में आने पर न सिर्फ यहां के जनप्रतिनिधियों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया बल्कि लाल सिंह आर्य को पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर उनका कद बढ़ाया। इस चुनौती से निपटने के लिए कांग्रेस ने डा.गोविन्द सिंह का कद बढ़ाकर संदेश देने का काम किया है। ग्वालियर-चंबल संभाग में विधानसभा की 34 सीटें हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इनमें ज्यादातर ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक थे लेकिन सत्ता में उनकी उस तरह की पूछपरख नहीं हुई, जिसकी उन्हें उम्मीद थी। यही वजह है कि उन्होंने वर्ष 2020 में कांग्रेस से किनारा कर लिया। उनके साथ ग्वालियर-चंबल संभाग के विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। उपचुनाव में पार्टी ने क्षेत्र की 15 में से सात सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। वहीं, भाजपा ने क्षेत्र में पकड़ मजबूत करने के लिए शिवराज सरकार में डा.नरोत्तम मिश्रा, यशोधरा राजे सिंधिया, प्रद्युम्न सिंह तोमर, अरविंद सिंह भदौरिया, भारत सिंह कुशवाहा, ओपीएस भदौरिया को मंत्री बनाया। नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हैं।

# आरएनटीयू के मोहित ने जीता कांस्य पदक

## बेंगलुरु में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन



**भोपाल।** रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय (आरएनटीयू ) के होनहार खिलाड़ी जूडो खिलाड़ी ने बेंगलुरु में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर अधिकार जमाया। मोहित ने 66 किग्रा भार वर्ग में भाग लिया था। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में मप्र के मोहित ने ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के अनिल को पराजित किया आरएनटीयू के खेल अधिकारी सतीश अहिरवार ने यह जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो-चांसलर सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलपति डा. ब्रह्म प्रकाश पेठिया और कुलसचिव डा. विजय सिंह ने मोहित को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्रिया छाबरा उभरती हुई खिलाड़ी चुनी गई

इंडियन दृष्टिबाधित फुटबाल फेडरेशन के तत्वाधान में कोच्चि में महिला दृष्टिबाधित महिला फुटबॉल कैंप और मिनी टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश,तमिलनाडु, पुंडुचेरी,गुजरात,कर्नाटक की खिलाड़ियों ने कैंप में हिस्सा लिया। कैंप के अंत में मिनी टूर्नामेंट रखा गया, जिसमें सभी स्टेट के खिलाड़ियों को खेलने का अवसर प्रदान किया गया। कैंप में बेस्ट अपकमिंग स्कोरर महाराष्ट्र की सारिका ,बेस्ट अपकमिंग गोलकीपर महाराष्ट्र की वेदंगी ,बेस्ट अपकमिंग यंगर प्लेयर मध्य प्रदेश की प्रया छाबरा को दिया गया। मध्य प्रदेश दृष्टिबाधित फुटबॉल एसोसिएशन कै प्रेसिडेंट संदीप देशमुख,सेक्रेटरी मोहम्मद शाहिद,टेकिनल डायरेक्टर कपिल यादव दीपक गुप्ता आदि ने मध्य प्रदेश की वूमेंस ब्लाइंड प्लेयर प्रिया छाबरा को बधाई दी मध्य प्रदेश ब्लाइंड फुटबॉल प्रेसिडेन संदीप देशमुख ने कहा कि मध्य प्रदेश में ब्लाइंड खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नही है एसोसिएशन जल्दी इनको सुविधा मुहाया कराने का प्रयास करेगा।

# शादी के एक दिन बाद ही पत्नी चली गई मायके, युवक ने लगा ली फांसी



**भोपाल।** रातीबड़ के सिकंदराबाद इलाके में 22 वर्षीय ललित मारण ने पानी की टंकी के ऊपर चढ़कर फांसी लगा ली। वह तीन दिन से अपने घर से लापता था। लापता होने से एक दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी और उसकी पत्नी एक दिन बाद ही उसे छोड़कर मायके चली गई थी। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। रातीबड़ थाने के हवलदार विनोद सिंह राजपूत के मुताबिक मृतक ललित मारण सिकंदराबाद का रहने वाला था। उसके पिता गांव में बड़े कृषक है। ललित कालेज में पढ़ता था और उसे जिम करना अच्छा लगता था। 24 अप्रैल को उसकी साक्षी ढाबे के पास एक सामाजिक संस्था ने शादी करवाई थी। 25 अप्रैल को सुबह उसकी पत्नी घर से गायब हो गई थी। काफी तलाश करने के बाद पता चला कि वह ललित के साथ नहीं रहना चाहती थी। उसके बाद ललित मारण भी लापता हो गया था। उसके परिजन उसे तलाशते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। 28 अप्रैल को उसके परिजन पुलिस के पास उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे, जहां पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर को ट्रेस किया तो वह चालू था। उस पर घंटी जा रही थी। जब उसकी लोकेशन निकाली तो वह गांव की ही पानी की टंकी के ऊपर मिली। पुलिस ने जाकर देखा तो ललित फांसी पर लटका मिला। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मोबाइल में तीन वीडियो मिले हैं। इसमें वह लड़कियों के बारे में कह रहा है कि इनसे प्रेम नहीं करना चाहिए। शादी तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए। लोगों का जीवन बर्बाद कर देती हैं। शादी के बाद यह लड़कियां धोखा दे देती है, इसका जिक्र किया है। पुलिस ने मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

# बोदरी में भ्रष्टाचार चरम पर

# निर्माण की लागत से डेढ गुनी ज्यादा निकाली राशि

**अनियमितता : चैकडैम में भ्रष्टाचार सीसी सडक और पशु चिकित्सा भवन को खा गए भ्रष्टाचारी**



**गाडरवारा(यश-भारत)। गाडरवारा के साईंखेडा जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में भ्रष्टचार चरम पर है ताजा मामला ग्राम बोदरी से निकलकर सामने आ रहा है जहां भारी भ्रष्टाचार किया गया है जनता को विकास से कोसों दूर रखकर सरपंच लता बाई, सचिव , रोजगार सहायक ने खुद की जेब के विकास पर जोर दिया है । आपको पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की कहानी दर परतदर दिखाते है।**

पंचायत में सबसे अधिक राशि का आहरण सरपंच लता बाई कहार ने अपने देवर के नाम किया है मजदूरी हो या अन्य काम सबका भुगतान इन्ही जनाब के खाते में गया है भ्रष्टाचार में इनकी भूमिका अहम है वही रोजगार सहायक ने भी अपने चचेरे भाई के नाम भारी मात्रा में पंचायत की राशि का आहरण किया है। अपने करीबी लोगो को फायदा पहुँचाया गया है।



### चैकडैम निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार

गॉव के बडे नालों जिनके पानी को रोका जा सकता है ऐंसे नालों पर शासन द्वारा चैक डैम बनबाकर पानी को संरक्षित करने के उद्देश्य से चैक डैम का निर्माण करवाया गया था बोदरी पंचायत में भी नरहा नाला पर भी करीब 11 लाख की लागत से चैक डेम का निर्माण कराया गया था चैक डैम में 40 एमएम की गिट्टी लगाने के लिए खरीदी गई थी लेकिन चैकडैम में इतनी मोटी गिट्टी नही लगाई गई वही लोहे के जितने मोटे सरिए की खरीदी के बिल लगाए गए है वह सरिया भी उतनी मोटी नही है। वही सीमेंट भी लागत से कही अधिक खरीदा गया है ।

### लागत से ज्यादा निकाली मजदूरी

बोदरी में नाली एवं सीसी सडक का निर्माण होना था जिसकी लागत 53992 रुपये जो सामग्री के लिए निकाला गया था इसी कार्य मे मजदूरी के नाम पर 78 हजार रुपये निकाल लिए गए निर्माण कार्य की लागत से दोगुनी उसमे मजदूरी लग गई ये भ्रष्टाचार नही तो क्या है और वो मजदूरी की राशि भी पूरी की पूरी रोजगार सहायक ने अपने चचेरे भाई के खाते में डाल दी गई। ये तो केवल एक बानगी मात्र है यदि इनके पूरे कार्यकाल की जांच की जावे तो ये तीनो पंचायत कर्मी जेल जाने से नही चूकेंगे और करोडों की वसूली निकलना तय है ।

### पशु चिकित्सा भवन बना नही निकाल ली राशि

वही ग्राम बोदरी में 33 हजार की लागत से मुक्तिधाम के पास पशु चिकित्सा भवन का निर्माण होना था जिसमे केवल नीव भरकर छोड दिया गया जबकि 3 साल से पहले उसका 33 हजार रुपये सरपंच, सचिव, ओर रोजगार सहायक डकार गए निकली गई 33 हजार की राशि में लगे बिल में लोहे की टीन कि सेट खरीदने का बिल लगा हुआ है जिसमे ।आठ टीनें खरीदी गई है वही अन्य सामग्री भी खरीदी गई है लेकिन ना तो मौके पर पशु चिकित्सा भवन बना और ना ही कुछ कार्य हुआ पैसा सीधा अधिकारियों और सरपंच की जेब मे जा पहुँचा ।



## अघोषित विद्युत कटौती को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा(यश भारत)** युवा कांग्रेस ने अघोषित विद्युत कटौती के विरोध मै विद्युत मंडल कार्यालय पहुंच कर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिवम दीक्षित (चंकी महाराज) , युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष शुभम बरहैया के नेतृत्व में प्रदर्शन कर विधुत मंडल अधिकारी को ज्ञापन दिया । कांग्रेस नेताओं ने विद्युत अधिकारियों से कहा कि अघोषित विद्युत कटौती से आमजन परेशान हैं विद्युत कटौती बंद की जाए ।ज्ञापन देते समय कांग्रेस नेता सुभाष राय,विधायक प्रतिनिधि बंटू गुप्ता , मंडलम अध्यक्ष सतीश सैनी , मंडलम अध्यक्ष रूपेश राय , ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अवधेश रूसिया, शरद साहू, युवा कांग्रेस जिला सचिव मनीष कौरव, आईटी सेल नगर अध्यक्ष रोहित राय नगर अध्यक्ष शिवम चौकसे, युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष आयुष जैन, ब्लॉक महासचिव सोनू ठाकुर , युवा कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष राम तिवारी , नगर उपाध्यक्ष बिट्टू सेन ,नगर महासचिव अब्बू रजक, नगर सचिव साहिल पटेल, वासु तपा,राजा मिर्धा, सुमित छीपा, भोजराज पंड्या, निखिल सोनी,जय कोरी,आवेद खान,विराट ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## रीवा शटल ट्रेन में वातानुकूलित चेयरकार कुर्सीयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाया

जबलपुर यश भारत। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये गर्मियों के सीजन में बढ़े हुए अतिरिक्त यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाडियों में अतिरिक्त कोच लगाये जा रहे है। इसी कडी में गाडी संख्या 11705 जबलपुर - रीवा शटल गाडी में वातानुकूलित चेयरकार कुर्सीयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है ।यह अतिरिक्त कोच गाडी संख्या 11705 जबलपुर से रीवा शटल गाडी में दिनांक 29 अप्रैल 2022 को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से गन्तव्य के लिए एक वातानुकूलित चेयरकार कुर्सीयान श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इससे प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को कन्फर्म सीट की सुविधा मिलेगी।

## यस बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी के बाद, फिडीपे की निगाहें बाजार में बड़ी हिस्सेदारी पर टिकी हैं

**मुंबई।** फुल्ल.स्टैकफिनटेक एपीआईप्लेटफॉर्म फिडीपे ने यस बैंक के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की ।इस साझेदारी के तहत फिडीपे द्वारा यस बैंक के ग्राहकों को सहज तरीके से बैंकिंग सुविधाओं से हमेशा जुड़े रहने का अनुभव प्रदान किया जाएगा ।इसके अलावाए फिडीपे द्वारा यूपीआई सेवाओं के लिए समाधान भी उपलब्ध कराया जाएगा ।फिडीपे का निर्माण भारत के लिए किया गया है जो विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को सही मायने में डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए प्रेरित हैए जिसमें एसएमई, फिनटेक और स्टार्ट.अप सहित अलग.अलग तरह के व्यवसाय शामिल हैं । इस दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, फिडीपे ने कुछ अकाउंटिंग तथा ईआरपीसॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन के अलावा, कई सरकारी विभागों एवं कॉर्पोरेट बैंकों में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले कुछ सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल करने और पुणे उपयोग में लाने का काम पहले ही पूरा कर लिया है ।यस बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से फिडीपे ने एक बड़ी छलांग लगाई है, जो इसे बड़े पैमाने पर बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार करता है। इस साझेदारी के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए अजय राजनए कंट्रीहेड ट्रांजेक्शन बैंकिंग रुपए यस बैंक ने कहा फिडीपे के साथ यह साझेदारी ग्राहकों को कुल मिलाकर सभी बैंकिंग सेवाओं से जोड़े रखने की हमारी रणनीति का हिस्सा है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों के हमारे बढ़ते उपभोक्ता आधार के लिए बैंकिंग को अधिक समावेशी और बेहद सुलभ बनाया जा सके ।फिडीपे द्वारा उपलब्ध विस्तृत सेवाओं के साथ.साथ बैंक की डिजिटल सक्षमता से ग्राहकों को सभी स्थानों पर और सहज तरीके से बैंकिंग का अनुभव प्राप्त होगा।

## रीवा से कटनी होकर उधना तक एक और स्पेशल ट्रेन चलेगी

**जबलपुर।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये अतिरिक्त यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से उधना-रीवा-उधना के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 07-07 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है, जो कि पश्चिम मध्य रेल के हरदा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना से गुजरती हुए रीवा स्टेशन पर टर्मिनेट/प्रारम्भ होगी. ।

**ट्रेन की टाइमिंग व तारीख** गाड़ी संख्या 09045 उधना से रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को दिनाँक 06.05.2022 से 17.06.2022 तक उधना स्टेशन से 08.35 बजे प्रारम्भ होकर भुसावल 13.20 बजे, हरदा 17.06 बजे, इटारसी 18.15 बजे, पिपरिया 19.18 बजे, नरसिंहपुर 20.33 बजे, जबलपुर 22.00 बजे, कटनी 23.30 बजे पहुँचकर अगले दिन मैहर 00.23 बजे, सतना 01.05 बजे और 03.00 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी.इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09046 रीवा से उधना साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनाँक 07.05.2022 से 18.06.2022 तक रीवा स्टेशन से 06.50 बजे प्रारम्भ होकर सतना 07.55 बजे, मैहर 08.25 बजे, कटनी 09.15 बजे, जबलपुर 10.40 बजे, नरसिंहपुर 11.48 बजे, पिपरिया 12.52 बजे, इटारसी 14.00 बजे, हरदा 15.02 बजे पहुँचकर भुसावल 18.45 बजे होते हुए और 23.55 बजे उधना पहुँचेगी।

## आज भी 43 डिग्री के पार जा सकता है पारा

### सुबह से गर्मी का असर



जबलपुर, । मई माह के आगाज के पहले ही गर्मी ने कहर ढाना शुरू कर दिया है। सुबह से ही जिस तरह सूर्यदेव अपना रौद्र रूप दिखा रहे है उसे महसूस कर संभावना जताई जा रही है कि शुक्रवार को भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री के ऊपर पहुंच जाएगा। सूरज की तेज किरणों में तपन महसूस होने लगी है। गर्म हवा भी असर दिखाने लगी है ।विदित हो कि गुरुवार को सूरज ऐसा तमतमाया कि आसमान से आफत बरसने लगी। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। चटख धूप और लू लोगों को दिनभर झुलसाती रही। सूरज के सूर्ख तेवरों ने लोगो के पसीने छुड़ा दिए। लू भी लोगों को हलकान करती रही। खुली सड़क पर लू के थपेड़े तो लगते ही रहे घरों के भीतर भी बिना कूलर, एससी के रहना मुश्किल हो रहा था। मौसम विभाग की माने तो गुरुवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया। इसके पहले 19 अप्रैल को तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। जबकि गुरुवार को अधिकतम तामपान 43.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। रात का न्यूनतम तापमान भी 24.5 से बढ़कर 25.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के अनुसार गर्मी अब फिर बढ़ने लगी है। वैसे भी मई का महीना गर्म होता है। आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह शुष्क रहेगा और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। यानी इस बार अप्रैल माह में ही तापमान 44 डिग्री तक पहुंच सकता है।

- चिकित्सकों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों को धूप के सीधे संपर्क में आने से बचने की सलाह दी है। सूती हल्के कपड़े पहनने और सिर को टोपी या कपड़े से ढंक कर रखें। पर्याप्त मात्रा में पानी व तरावटदार पेय पदार्थों का सेवन करते रहे बच्चे व बुर्जुगों का खास ध्यान रखे।

## जिनालय अवश्य जाना चाहिए - मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज



**जबलपुर।** इस जन्म में किए गए पापों को इसी जन्म में निर्जरा किया जाना संभव है। पूर्व जन्म में पाप के उदय से निर्मित विपत्तियों का सामना हमें करना ही है, पूर्व जन्म में ऐसी गलती जिसके कारण इस जन्म में मोक्ष मार्ग में बढ़ने की पात्रता ही प्राप्त न हो ऐसी गलती को सुधारने अगले जन्म तक इंतजार करना होगा ।इस जन्म का प्रायश्चित ही आगे के जन्मो को सुधार पाएगा । जिनालय में मन ना लगे, ध्यान ना लगे , जिस तरह जब संसार के बहुत सारे काम बिना मन के करते हैं उसी तरह जिनालय जाना बंद नहीं करना चाहिए, मन ना लगे फिर भी जिनालय जाते रहना चाहिए, कब मन में परिवर्तन हो जाए यह पता ही नहीं चलेगा। जिनका नरक आयु का बंध हो गया है उनको व्रत तप त्याग का भाव ही नहीं आता , मुनि पद धारण करने का भाव उनके मन में कभी नहीं आ सकता। धर्म सभा में जरूरी नहीं है कि सुनने वालों का मन लगे ही, प्रवचन सुनते सुनते किस दिन बात हृदय में उतर जाए किस दिन मन परिवर्तन हो जाए इसका कोई पूर्वाभास नहीं हो सकता ।जिंदगी में परिवर्तन चाहते हो तो संतों के प्रवचन सुनते रहो सद्गति सदसंगीत कैसे भी करो बिना मन के करो बिना भय से करो बिना लोभ से करो कैसे भी करो लेकिन जरूर करो ।साधु की संगति से साधु बनो या ना बनो पर संतोषी अवश्य बन जाओगे

## रूपेश बीपीएमएस के संयुक्त सचिव बने



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस कानपुर में संपन्न बीपीएमएस के राष्ट्रीय अधिवेशन में रूपेश पाठक संयुक्त सचिव मनोनीत किए गए ।रूपेश पाठक वर्तमान में खमरिया कामगार यूनियन के महासचिव हैं ।उन्हें मध्यप्रदेश का प्रभारी बनाए जाने के साथ म्यूनेशन इंडिया लिमिटेड के तहत आने वाली सभी आयुध निर्माणियों का प्रभार सौंपा गया है। उनके मनोनयन पर राजेंद्र चराड़िया सतिन शर्मा राकेश पासवान प्रेमलाल सेन आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सतुवाई अमावस्या कल, बनेगा शनिश्चरी का संयोग

**जबलपुर।** वैशाख माह की सतुवाई अमावस्या 30 अप्रैल शनिवार को होगी। शनिवार को अमावस्या आने से शनिश्चरी अमावस्या का संयोग बन रहा है। इसके चलते शनि मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगेगा। इस दिन सत्तू खाने के साथ सत्तू दान करने का विशेष महत्व है। ज्योतिर्विदों के मुताबिक इस दिन भगवान विष्णु की आराधना के साथ तीर्थ स्थल पर स्नान और कन्या व ब्राह्मण भोज कराने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। अमावस्या तिथि 29 अप्रैल को रात्रि 12.33 बजे प्रारंभ होकर 30 अप्रैल रात्रि 11.05 बजे तक रहेगी। 30 अप्रैल को ब्राह्म मुहूर्त में स्नान का विशेष महत्व है। सूर्यदेव को पूर्व व दक्षिण दिशा में पितरों को जल अर्पित करें। इस दिन पितरों की शांति के लिए उपवास करना भी लाभदायक होता है। इसके अतिरिक्त पीपल के वृक्ष का पूजन किया जा सकता है।

## शनि अमावस पर शनि धाम तिलवारा घाट मे लगेगे 56 भोग, वैदिक अनुष्ठान

जबलपुर। शनि अमावस्या महापर्व पर सूर्य ग्रहण के साथ शनि अमावस्या तिथि प्रीति योग चतुष्पाद करण शनि देव अपनी स्व राशि कुंभ में गोचर करेंगे 7 इस मुहूर्त के शुभअवसर पर *तिलवारा घाट*,जबलपुर,(म.प्र.) में स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में विशेष पूजन व *दिव्य आरती,*56भोग एवं *विशाल भंडारे* का आयोजन किया जा रहा है। व इस अवसर पर शनि देव का दर्शन व पूजन कर सांय काल में *शनि अभिषेक* में शामिल हो पुण्य लाभ अर्जित करे। शनिधाम तिलवारा घाट के पं सतीश महाराज ने बताया की हिंदू पंचांग का दूसरे महीने वैशाख का काफी धार्मिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी माह में त्रेता युग का आरंभ हुआ था। वैशाख अमावस्या शनिवार के दिन पड़ने के कारण शनिश्चरी अमावस्या या शनि अमावस्या का संयोग बन रहा है। शनिवार के स्वामी शनि देव हैं और अमावस्या के दिन इनका जन्म हुआ था इसलिए अमावस्या तिथि का जब दुर्लभ संयोग बनता है तो शनिदेव महाराज की पूजा करना बेहद फलदायी माना जाता है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन पितरों को जल का अर्पण भी दिया जाता है, जिससे पितृगण संतुष्ट होते हैं ।पुराणों में वर्णित है कि शनिदेव की महादशा या सा?साती से परेशान जातकों को शनि अमावस्या के दिन शनिदेव की पूजा जरूर करनी चाहिए। इस दिन पूजा करने से शनिदेव अति प्रसन्न होते हैं ।इस अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर के भक्त जनों से विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चना करने का आग्रह पं सतीश जी महाराज, नितिन भाटिया ,संजय तिवारी, पं अनिल मिश्रा ,अखिलेश सोनी, विध्येश भापकर,शुभम तिवारी, हितेश पटेल,शिवा तिवारी ,राज सिंह, गणेश साहू, विजय ठाकुर, राजकुमार पटेल, घनश्याम पटेल,विजय पटेल, मनोज ठाकुर,अशोक साहू, विकास गौतम, मंजू केवट,अभिषेक,ने किया है।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर आयोजित कार्यशाला से महाकोशल औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

**जबलपुर।** महाकोशल अंचल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संभावनाओ के परिपेक्ष्य में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला से क्षेत्र का आर्थिक विकास गतिशील होगा। इस कार्यशाला में एमओएफपीआईए निफ्टेम, कुंडली, पीएमएफएमई प्रभागए इन्वेस्ट इंडिया, नाबार्ड वित्तीय संस्थान तथा बैंक एमपीओएफपीआई पीएमए तथा एमपीआईडीसी विभाग के उच्च अधिकारियो द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओ के साथ साथ सहायता, अनुदान एवं छूट की विस्तृत जानकारी एवं प्रेजेनटेशन प्रस्तुत किये गये । चेम्बर द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित विषयों पर जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु समस्त व्यापारियोंए उद्यमियों कृषको व शिक्षित युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापना हेतु प्रोत्साहन करने की दिशा में चेम्बर हेल्प डेस्क के माध्यम से कार्य किया जा रहा है इच्छुक लोगो से निबेदन है कि चेम्बर लार्यालय में हेल्प डेस्क के संचालक प्रदीप बिस्वारीफोन नं 98267.29480द्ध से व्यक्तिगत संपर्क कर विभिन्न शासकीय योजनाओ की जानकारी व उद्योग स्थापना के विभिन्न चरणों हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्टए भूमि आवंटनए ऋण प्राप्ती तथा मार्केटिंग आदि की जानकारी व मार्गदर्शन प्राप्त करें द्य चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ताए उपाध्यक्ष राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली, समीर पाल, हेल्प डेस्क प्रभारी प्रदीप बिस्वारी व कार्यालय सचिव हर नारायण सिंह राजपूत ने सभी से इस लाभकारी उपक्रम में जुड़ने एवं लाभान्वित होने की अपील की है ।

## मुख्य रूप से मोबाइल टावरों के एनओसी में देरी न हो बल्कि शीघ्र एनओसी दी जाए : कलेक्टर

### दूरसंचार विभाग की व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण करें

**जबलपुर।** कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी. ने दूरसंचार विभाग की बैठककर उनके व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, दूरसंचार, पुलिस व पीडब्ल्यूडी आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्य रूप से मोबाइल टावरों के एनओसी में देरी न हो बल्कि शीघ्र एनओसी मिल जाये और एनओसी मिलने के बाद निर्धारित जगह पर टावर लगायें। यदि टावर लगाने में कहीं असुविधा या विवाद होता है तो राजस्व व पुलिस मिलकर कार्य सुनिश्चित करायें और ऐसे जहां-जहां भी समस्या है उसका निराकरण करें। उन्होंने यह भी कहा कि ऑप्टीकल फायवर केबल लगाने के पूर्व पीडब्ल्यूडी या निर्माण एजेंसी से बैठककर लें ताकि भविष्य में केबल की क्षति न हो। गोलबाजार जबलपुर के आसपास जहां स्मार्ट सिटी के कारण केबल क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें सुधारें और जहां-जहां डक्ट बने हैं केबल के लिए इसका उपयोग करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जहां-जहां पीडीएस दुकानों में पीओएस मशीन ऑफलाइन हैं वहां कनेक्टविटी देना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कहा कि रोड शोल्डर से दूर ही केबल बिछायें।

## भारत के केन्द्र बिन्दु में म.प्र. ट्रांसको बना रहा 132 के.व्ही. का विद्युत सबस्टेशन

**उच्चतम मापदंडो के साथ समय पर निर्माण कार्य पूरा करने प्रबंध संचालक इंजी सुनील तिवारी के निर्देश**

**जबलपुर,** । मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने गत दिवस निर्माणाधीन 132 केवी सबस्टेशन ढीमरखेड़ा (मुरवारी) का औचक निरीक्षण किया। भारत के भौगोलिक हृदय स्थल (भौगोलिक केन्द्र बिन्दु) करौंदी के पास तैयार किये जा रहे इस सबस्टेशन के औचक निरीक्षण के दौरान ट्रासंको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अभियंताओं व संबंधित कॉन्ट्रेक्टर को सबस्टेशन के निर्माण को उच्चतम मापदंडो के अनुसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि न तो उपयोग किये जा रहे मटेरियल की क्वालिटी से कोई समझौता हो न ही वर्कमैनशिप में कोई कमी रखी जाये। उन्होंने निर्माण संबंधित एजेंसी को काम में गति लाने तथा निर्माण के लिये पर्याप्त फंड उलब्ध करवाने के निर्देश दिये ताकि 132 केवी ढीमरखेड़ा सबस्टेशन का कार्य समय पर पूरा किया जा सके। प्रबंध संचालक ने निर्माण में उपयोग किये जा रहे मटेरियल का भी निरीक्षण किया तथा उन्होंने सिविल कार्यों के लिये निर्देश दिये कि सभी कार्य मानसून के पहले कर लिये जायें ताकि बरसात के कारण कार्य प्रगति में बाधा न आये।

**इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ तथा भावनाएं आहत करने की पोस्ट डाली तो खैर नहीं**

## शहर के अमन चैन पसंद नागरिक मिलजुलकर मनाएंगे पर्व त्यौहार

**जबलपुर,** । जबलपुर में सभी पर्व त्यौहार मिलजुलकर मनाया जाएगा। शहर के नागरिक अमन चैन पसंद हैं। प्रशासन द्वारा निर्देशों का पालन करते हुए पर्व मनाएं जाएंगे। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला शांति समिति की बैठक के दौरान नगरके प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन व पुलिस अधिकारियों से कहा कि परशुराम जयंती, ईद-उल-फितर, अक्षय तृतीय, बुद्ध पूर्णिमा समेत सभी त्यौहारों में संस्कारधानी में गंगा जमुनी संस्कृति बरकरार रहेगी। बैठक में कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ट ने शांति समिति के सदस्यों को भरोसा दिया कि त्यौहारों के दौरान मूलभूत सुविधाओं के साथ शांति व सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए जाएंगे ।बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सड़क पर घूमने वाले आवारा चौपायों पर चिंता जताई। अधिकारियों ने कहा कि सड़कों से चौपायों को हटाया जाएगा। इसके साथ ही सफाई व प्रकाश व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। निर्वाध विद्युत व पेयजल आपूर्ति के इंतजाम किए गए हैं। बैठक



में त्योहारों के दौरान पानी के अपव्यय पर चिंता जताई गई। गरीब परिवारों को त्योहारों के पूर्व सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्यान्न उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी व एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने ` कहा कि त्योहारों के दौरान इंटरनेट मीडिया का दुरुपयोग करने वाले विघ्नसंतोषी तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसलिए इंटरनेट मीडिया पर किसी तरह की भड़काऊ तथा भावनाएं आहत करने की पोस्ट न डाली जाए। ऐसी पोस्ट को लाइक व शेयर न करते हुए पुलिस को सूचना दी जाए। ताकी पोस्ट डालने व शेयर करने वालों को पकड़ा जा सके। पुलिस अधीक्षक बहुगुणा ने कहा कि जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। लोग निर्भीक होकर पर्व मनाएं। व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन व पुलिस का सहयोग करें ।कलेक्टर व एसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान डीजे का उपयोग न किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि दो साउंड बाक्स बजाने की अनुमति आयोजकों को दी जा सकेगी। उन्होंने थाना स्तर पर शांति समितियों की बैठक आयोजित कर त्योहारों के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की कोशिश पर जोर दिया ।बैठक में विधायक संजय यादव, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा एवं विमलेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल, शांति समिति के सदस्यों में ईसाई समाज के धर्म गुरू विशप जेराल्ड अल्मेड़ा, पूर्व मंत्री चंद्रकुमार भनोत, एसके मुद्दीन, मुकेश राठौर, मकबूल अहमद रजवी, ढाडेश्वर महावर, ताहिर खान, साबिर उस्मानी, सरन चौधरी, गुलाम हुसैन, सरदार अमोलक सिंह, सरदार गुरूदेव सिंह रील, मुबारक कादरी समेत सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं सीएसपी मौजूद रहे।

# ऋषभ के लिए लेडी लक बनीं ईशा नेगी






### दिल्ली की जीत से खुश दिखे पार्थ और उनकी पत्नी अनुश्री जसानी

आईपीएल 2022 के 41वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को चार विकेट से हरा दिया। यह इस सीजन दिल्ली के खिलाफ कोलकाता की लगातार दूसरी हार रही। इस जीत के साथ दिल्ली की टीम प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, कोलकाता की टीम आठवें स्थान पर है। इस मैच को देखने के लिए ऋषभ पंत के गर्लफ्रेंड ईशा नेगी भी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पहुंची थीं। वह पंत के लिए लेडी लक साबित हुईं और दिल्ली की टीम ने आसानी से मैच जीत लिया। इसी साल पंत ने इंस्टाग्राम एकाउंट पर ईशा को बर्थडे विश किया था। इस पर रिएक्ट करते हुए ईशा ने पंत को आई लव यू भी कहा था। पंत और ईशा लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। पंत ने लगभग दो साल पहले ईशा के साथ छुट्टियां मनाते हुए तस्वीरें शेयर की थी। इसके बाद से ही दोनों के रिलेशन में होने की खबरें चल रही हैं। अब तक दोनों में से किसी ने खुलकर इस बारे में बात नहीं की है। कोलकाता और दिल्ली के बीच मैच को देखने डीसी के चेयरमैन पार्थ जिंदल भी पहुंचे थे। साथ में पत्नी अनुश्री जसानी भी मौजूद थीं। मैच के बाद दोनों काफी खुश नजर आए और तस्वीर भी खिंचवाई। कोलकाता के लिए एरॉन फिंच और वेंकटेश अय्यर ने पारी की शुरुआत की। चेतन साकरिया ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पहला झटका दिया। उन्होंने कोलकाता के सलामी बल्लेबाज एरॉन फिंच को तीन रन के स्कोर पर चलता किया। पिछले सीजन की खोज रहे चेतन साकरिया को इस सीजन पहली बार खेलने का मौका मिला और उन्होंने टीम को निराश नहीं किया। चेतन ने तीन ओवर में 17 रन देकर एक विकेट झटका। अक्षर पटेल ने वेंकटेश अय्यर को आउट करके कोलकाता को दूसरा झटका दिया। वेंकटेश अय्यर 12 गेंद में छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मैच में कुलदीप शो देखने को मिला। कुलदीप यादव ने आठवें ओवर में कोलकाता की टीम को लगातार दो झटके दिए। उन्होंने पहले बाबा इंद्रजीत को रोवमैन पॉवेल के हाथों कैच कराया फिर नए बल्लेबाज सुनील को भी पवेलियन भेजा। बाबा इंद्रजीत ने आठ गेंदो में छह रन बनाए, जबकि नरेन पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना आउट हो गए। बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने भी मैच में तीन विकेट लिए। उन्होंने चार ओवर में 18 रन खर्च किए। मुस्तफिजुर ने नीतीश राणा, रिंकू सिंह और टिम साउदी को पवेलियन भेजा। कुलदीप यादव ने 14वें ओवर में श्रेयस अय्यर और आंद्रे रसेल को भी पवेलियन भेजा। उन्होंने इस मैच में दूसरी बार एक ओवर में दो विकेट लिए। श्रेयस 42 रन और रसेल शून्य पर आउट हुए। रिंकू सिंह और नीतीश राणा ने अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने की कोशिश की। राणा ने अपने आईपीएल करियर का 15वां अर्धशतक लगाया। मुस्तफिजुर ने दिल्ली को सातवीं सफलता दिलाई। उन्होंने रिंकू सिंह को रोवमन पॉवेल के हाथों कैच करा साझेदारी को तोड़ा। राणा और रिंकू के बीच 35 गेंदों पर 62 रन की साझेदारी हुई। अंत में कोलकाता का स्कोर 20 ओवर के बाद नौ विकेट पर 146 रन रहा। पहली गेंद पर ही कोलकाता को सफलता दिलाई। उन्होंने अपनी ही गेंद पर पृथ्वी शॉ का कैच पकड़कर उन्हें पवेलियन भेज दिया। पृथ्वी शॉ अपना खाता तक नहीं खोल सके।



## कश्मीर फाइल्स का अर्ध शतक

### 50वें दिन सलमान, आमिर व ऋतिक की फिल्म को पछाड़ कमाए इतने करोड़

बॉलीवुड निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने अपने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से सबको चौंका दिया है। 3.55 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत करने वाली यह फिल्म अब वर्ल्डवाइड 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। इसके साथ ही अनुपम खेर स्टारर द कश्मीर फाइल्स 2022 की हाईएस्ट वर्ल्ड वाइड ग्रॉसर बन गई है। इस बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट में, हम द कश्मीर फाइल्स के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की तुलना पिछली रिलीज़ से करने जा रहे हैं। एक तरफ जहां विवेक अग्निहोत्री की फिल्म ने अब तक 339.49 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी ने 196.86 करोड़ रुपये, अक्षय कुमार की बच्चन पांडे ने 68.61 करोड़ रुपये, राजकुमार राव की बधाई दो ने 28.33 करोड़ रुपये, शाहिद कपूर की जर्सी ने 24.4 करोड़ रुपये और जॉन अब्राहम की अटैक – पार्ट 1% ने 22.58 करोड़ रुपये की ही कमाई की है। हालांकि, ऑल-टाइम रिलीज की बात करें तो %द कश्मीर फाइल्स% ने सूची में 24वां स्थान प्राप्त किया है। दिलचस्प बात यह है कि विवेक अग्निहोत्री की फिल्म के कलेक्शन ने इतने दिनों के बाद सलमान खान अभिनीत फिल्म %एक था टाइगर% (334.39 करोड़ रुपये), ऋतिक रोशन स्टारर बैंग बैंग (332.43 करोड़), और आमिर खान स्टारर ठग्स ऑफ हिंदोस्तान% (322.07 करोड़) के कलेक्शन को पार कर लिया है।

# 500 रुपये के लिए मैच खेलने वाला लड़का बना भारत का सबसे तेज गेंदबाज

## स्पाइक वाले जूते तक नहीं पहने थे



आईपीएल 2022 में गुजरात के खिलाप पांच विकेट लेने वाले उमरान मलिक का नाम भारतीय क्रिकेट फैन की जुबान पर छाया हुआ है। पिछले सीजन हैदराबाद के लिए खेलने वाले उमरान मलिक अपनी गति से सभी को प्रभावित किया था, लेकिन अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में शामिल करने की बातें हो रही हैं। उमरान भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे तेज गेंदबाज बन चुके हैं। उनके अंदर लगातार 150 की गति से गेंदबाजी करने की क्षमता है। गुजरात के खिलाफ उमरान ने पांच में चार विकेट क्लीन बोल्ड के रूप में लिए। उनकी गति के सामने बड़े शॉट लगाना हर बल्लेबाज के लिए बड़ी चुनौती है। उन्हें भारतीय क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है। उमरान ने आईपीएल में डेब्यू करने के बाद अपना नाम जितना बड़ा बनाया है, उनका जीवन इससे पहले उतनी ही ज्यादा गुमनामी में गुजरा है। 17 से के उमरान एक दिन कोच रणदीर सिंह के पास गए और उनका जीवन बदल गया। अब वो भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे तेज गेंदबाज बन चुके हैं। आईपीएल 2022 के आठ मैचों में उमरान 15 विकेट ले चुके हैं।

### 2017 में चमकी किस्मत

साल 2017 तक उमरान मलिक मोहल्ला क्रिकेट के स्टार हुआ करते थे। उन्होंने कभी लेदर गेंद से गेंदबाजी नहीं की थी। हर मैच में वो 500 से तीन हजार रुपये तक कमा लेते थे। 2017 की ठंडियों में उमरान मौलाना आजाद करने के लिए राज्य की

स्टेडियम में पहुंचे और कोच रणधीर सिंह से कहा सर क्या आप मुझे बॉल डालने
इस समय मलिक ने
देंगे?... क्या नाम है तुम्हारा?...
उमरान मलिक।
स्पाइक वाले जूते तक नहीं पहने थे, लेकिन रणधीर सिंह को लगा कि उन्हें गेंदबाजी का मौका देना चाहिए और यहीं से उमरान की किस्मत बदल गई।

सीनियर टीम के बल्लेबाज जतिन वाधवान इस समय स्ट्राइक ले रहे थे। उमरान की गति से जतिन भी परेशान हुए। कश्मीर की सीनियर टीम के तेज गेंदबाज राम दयाल ने भी ने भी कहा कि इस लड़के का भविष्य शानदार है। इसके बाद रणधीर सिंह ने मलिक को आगे मौका देने का फैसला किया।

### फल की दुकान लगाते हैं पिता

उमरान के पिता फल की दुकान लगाते हैं। वो चाहते थे कि बेटा पढ़ लिखकर परिवार का नाम करे, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उन्हें पेशेवर क्रिकेटर बनने के लिए प्रेरित किया। 2017-18 में उमरान ने एकेडमी में दाखिला तो लिया, लेकिन वो लगातार प्रैक्टिस के लिए नहीं आते थे। कोच रणधीर ने कहा वह एक दिन आता था और बाकी के चार-पांच दिन गायब रहता था। हम उसे समझाते थे कि मौके को ऐसे नहीं जाने दिया जा सकता, उसे लगातार अभ्यास के लिए आना होगा।

अंडर-19 क्रिकेट के ट्रायल में उमरान ने अपने साथी गेंदबाज से जूते मांगकर गेंदबाजी की थी। कुच बिहार ट्रॉफी के लिए उनका चयन भी हुआ, लेकिन सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला। इस मैच में भी बारिश बाधा बनी। हालांकि, इस मैच में भी उमरान ने अपनी छाप छोड़ी। विकेटकीपर स्टंप से 35 यार्ड की दूरी पर खड़ा था। अंडर-19 क्रिकेट में ऐसे नजारे कम ही देखने को मिलते हैं।

असम के कोच ने गेंदबाजी से रोका

असम की टीम एक मैच के लिए कश्मीर आई थी और टीम के कोच अजय रात्रा ने उमरान से कहा कि क्या वो उनके बल्लेबाजों के लिए नेट्स में गेंदबाजी करेंगे। उमरान तुरंत मान गए, लेकिन 15 मिटन बाद रात्रा ने उन्हें गेंदबाजी करने से रोक दिया। उनकी टीम को मैच खेलना था और वो नहीं चाहते थे कि उनके बल्लेबाज चोटिल हो जाएं। रात्रा इस बात से हैरान थे कि उमरान रणजी क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं।

### तावी नदी के किनारे घर होने से मिला फायदा

एक तेज गेंदबाज के लिए शरीर के ऊपरी हिस्से के मजबूत होने से ज्यादा जरूरी होता है शरीर के निचले हिस्से का मजबूत होना। मजबूत पैरों के बदौलत ही गेंदबाज अच्छी लय के दौड़ते हैं और तेजी के साथ गेंद फेंकते हैं। उमरान का घर तावी नदी के किनारे है और उनके घर के पास की जमीन रेतीली है। वो रेत से भरी जमीन पर ही खेलते हुए बड़े हुए और यहीं क्रिकेट खेला। इसी वजह से उनके पैर बेहद मजबूत हैं। सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा बनने से पहले मलिक कभी भी नियमित तौर पर जिम नहीं गए थे, लेकिन उनका शरीर एक तेज गेंदबाज के लिहास शानदार है। टेनिस बॉल क्रिकेट में यॉर्कर की अहमियत बहुत ज्यादा होती है। जसप्रीत बुमराह ने भी टेनिस गेंद से ही यॉर्कर गेंद सीखी थी और उमरान मलिक के साथ भी ऐसा ही है।

### अब्दुल समद ने की मदद

जून 2020 में पहले लॉकडाउन के बाद अब्दुल समद उमरान मलिक की गेंदबाजी के वीडियो रिकॉर्ड करते थे और उन्हें वीवीएस लक्ष्मण और टॉम मूडी को भेजते थे। सनराइजर्स को उमरान की गेंदबाजी पसंद आई और इसके बाद जो हुआ वह इतिहास बन गया। साल 2020 में उमरान नेट गेंदबाज के रूप में यूएई गए और 2021 में भी उनका यही हाल था। टी नटराजन के चोटिल होने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला और लगातार 150 की गति से गेंदबाजी करने वाले उमरान को 2021 टी20 विश्व कप में नेट गेंदबाज के रूप में ले जाया गया। अब उमरान के लिए चीजें तेजी से बदल रही हैं, लेकिन कोच रणधीर सिंह को विश्वास है कि वो इन चीजों को संभालकर स्टेन जैसे खिलाड़ियों से सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे।

## शादी समारोह में ट्रेडिशनल लुक में पहुंचे अनुष्का और विराट रब ने बना दी जोड़ी



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को फैंस एक साथ देखना काफी पसंद करते हैं। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ फोटो भी शेयर करते रहते हैं। हाल ही में अनुष्कमा शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दोनों ट्रेडिशनल अवतार में नजर आ रहे हैं। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के साथ एक शादी समारोह के दौरान ली गई फोटो शेयर की है। अनुष्का ने फोटो शेयर करते हुए लिखा कि एक बायो बबल में शादी समारोह...अब मुझे लगता है कि मैंने हर त्योहार और शादी समारोह को एक बबल में बनाया है। दोनों की फोटो के पीछे #Ma&iVins लिखा हुआ दिख रहा है, जो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल और विनी रमन की शादी में इस्तेमाल हुआ था। इससे लग रहा है कि दोनों की ये तस्वीर ग्लेन मैक्सवेल की शादी में ली गई थी। अनुष्का ने जहां पिक कलर का सूट पहना हुआ है, तो विराट भी ब्लू कुर्ते में नजर आ रहे हैं। अनुष्का के सूट पर कढ़ाई हो रखी है और उन्होंने अपने दुपट्टे को साइड में कैरी किया है। इसके साथ ही उन्होंने बालों को खुला रखा है और हैवी गोल्डन इयररिंग्स पहने हैं, जिसके साथ वह काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। वहीं, विराट भी ब्लू कुर्ते और व्हाइट पायजामे में नजर आए। दोनों इन तस्वीरों में काफी प्यारे लग रहे हैं। अनुष्का शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अपनी फिल्म %चकदा एक्सप्रेस% की तैयारियों में जुटी ही हैं। इस फिल्म में महिला क्रिकट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आखिरी बार वह 2018 में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ जीरो में नजर आई थी।

## Anupama का रूप देख हैरान हुए फैंस

### एक्ट्रेस ने अपनी ही सास को मारने का बना डाला प्लान, वीडियो हो रहा वायरल



नई दिल्ली। टीवी का फेमस फैमिली शो अनुपमा लगातार दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। इस शो में होने वाले धमाकेदार ट्विस्ट के चलते ये शो लगातार टीआरपी लिस्ट में भी पहले पायदान में बना रहता है। अनुपमा ही नहीं बल्कि इसके वेब शो अनुपमा नमस्ते अमेरिका को भी लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस वेब शो में दिखाय जा रहा हैं कि 17 साल पहले अनुपमा की जिंदगी कैसी हुआ करती थी और आज कितनी बदल गई है। इस शो में अनुपमा का किरदार एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने प्ले किया है। रूपाली एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर ही अपनी लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियोज पोस्ट कर फैंस को सरप्राइज देती हैं। इसी बीच रूपाली ने अनुपमा नमस्ते अमेरिका के सेट से एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसे देखने के बाद आपकी हंसी नहीं रुकेगी। अनुपमा फेमस रूपाली गांगुली ने इंस्टाग्राम अकउांट पर अपना एक लेटेस्ट वीडियो पोस्ट किया हैं जो अनुपमा नमस्ते अमेरिका के सेट पन बनाया गया है। इस वीडियो में रूपाली के साथ उनकी को-स्टार अल्पना बुच भी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में आप देख कसते हैं कि रूपाली और अल्पना एक फेमस डायलॉग पर लिपसिंक करती नजर आ रही हैं। वीडियो में बा यानी अल्पना, अनुपमा को अपने काबू में रखने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन ये बात उन्हीं पर ही उल्टी पड़ जाती है। पहले तो अनुपमा बा की हर बात पर हां में हां मिलाती दिखती हैं। वहीं बा अनुपमा को ऐसे ही परेशान रखती है। इसके बाद आखिरी में अनुपमा अपनी बा को कुछ ऐसा कह रही है, जिसे सुनते ही आप भी अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। खैर बा अनुपमा की बातों को सुनकर हैरान रह गई है। रूपाली के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। अबतइ इसे लाखों बार देखा जा चुका है। आपको बता दें कि जल्द ही अनुपमा और अनुज की शादी होने वाली है। हाल ही में दोनों की सगाई की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं हैं। सगाई के दौरान बा और वनराज खूब तमाशा करेंगे। दूसरी ओर अनुपमा नमस्ते अमेरिका में अनुपमा और मोटी बा की बॉन्डिंग दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।

## सलमान खान की इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं शहनाज गिल, आयुष शर्मा संग जमेगी जोड़ी



नई दिल्ली। एक्ट्रेस शहनाज गिल इंटरनेट सेंसेशन हैं। सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 13 के बाद से पॉपुलर हुईं शहनाज की सोशल मीडिया पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। उनके स्पेशल फ्रेंड और बिग बॉस विनर सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद से तो मानो रात-दिन फैंस को शहनाज की चिंता सताती रहती है। पर अब एक्ट्रेस के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। वो ये, कि शहनाज जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं, वो भी सलमान खान की फिल्म से। जी हां मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो शहनाज गिल जल्द ही सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दीवाली से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। फिल्म में सलमान और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म में सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा भी हैं, जिन्होंने हाल ही में अंतिम द फाइनल ट्रुथ में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं थीं। इंडिया टुडे के मुताबिक, शहनाज कभी ईद कभी दीवाली की कास्ट में शामिल हो गई हैं और वह फिल्म में आयुष शर्मा के साथ नजर आएंगी। हालांकि अभी फिल्म में उनके रोल को लेकर काफी कुछ सीक्रेट रखा गया है, और वक्त आने पर ही ऐलान किया जाएगा। इससे पहले आयुष पुष्टि कर चुके हैं कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं। अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए, उन्होंने एक बयान में कहा, मैं इस प्रोजेक्ट और अपनी एक्टिंग एक्सपीरियंस के साथ प्रयोग करने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। पहले एक रोमांटिक ड्रामा फिर एक एक्शन फिल्म और अब एक पारिवारिक ड्रामा, मैं अपनी इस फिल्मी पारी के लिए लोगों का बहुत आभारी हूं। बता दें कि इस साल ईद पर सलमान खान की कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। कभी ईद कभी दिवाली को लेकर खबरें आ रहीं हैं कि ये फिल्म इसी साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। इसके अलावा सलमान, कैटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 में भी नजर आएंगे।

## मां करीना कपूर खान के साथ



### वॉक करते दिखे नन्हे जेह

नई दिल्ली। करीना कपूर खान और सैफ अली खान के दोनों बेटे तैमूर और जेह दोनों बचपन में ही सोशल मीडिया स्टार बन चुके हैं। जब भी दोनों की कोई क्यूट तस्वीर सोशल मीडिया पर आती है, तो वह आते ही छा जाती है। भाई तैमूर की तरह ही उनके छोटे भाई जेह अली खान भी सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुके हैं।उनकी तस्वीर देखने के बाद लोग जेह की क्यूटनेस की तारीफ करते हुए नहीं थकते हैं। हाल ही में जेह अपनी मां करीना कपूर के साथ स्पॉट किए गए। नन्हें जेह का अंदाज सोशल मीडिया पर छा गया है। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इन्स्टाग्राम अकाउंट पर जेह और करीना कपूर की क्यूट सी तस्वीर और वीडियो शेयर की है। वीडियो में जहां करीना कपूर खान ब्लू रंग के कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं, तो वही उनके छोटे बेटे जेह ने ग्रे रंग की डंगरी पहनी है और वह अपनी मां करीना कपूर का हाथ थामे हुए बड़े ही प्यार से डगमगाते नन्हे-नन्हे कदमो से आगे बढ़ रहे हैं। नन्हे जेह का ये क्यूट अंदाज सोशल मीडिया पर लोगों को खूब पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर फैन्स जेह को नन्हें-नन्हें कदमों से आगे बढ़ते हुए देखकर काफी खुश हो रहे हैं।



## रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 12 में शामिल होंगे कलाकार

टेलीविजन का मशहूर एडवेंचर रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी हमेशा से ही दर्शकों का पसंदीदा टीवी शो रहा है। शो के बीते सभी सीजन को दर्शकों द्वारा काफी अच्छा प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में अब फैंस इसके नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच अब इस शो के 12वें सीजन को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जल्द ही शुरू होने वाले इस शो के कंटेस्टेंट्स के नाम अब धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में अब इस शो में शामिल होने वाले एक और कंटेस्टेंट के नाम का खुलासा हो गया है। हाल ही में सामने आई जानकारी के मुताबिक रोहित शेट्टी के मशहूर शो खतरों के खिलाड़ी के 12वें सीजन में अब बतौर कंटेस्टेंट टीवी की एक बहू नजर आने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शो के इस सीजन में शामिल होने वाले कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में टीवी एक्ट्रेस सृति झा का नाम भी जुड़ गया है। इसके अलावा मशहूर अभिनेत्री रुबीना दिलैक का भी नाम सामने आ रहा था, हालांकि इस पर लगातार अटकलें जारी थीं। लेकिन अब खबरों के मानें तो सृति झा और रुबीना दिलैक इस शो में नजर आने वाली हैं। टीवी शो छोटी बहू से अपनी पहचान बनाने वाली रुबीना दिलैक बिग बॉस 14 का विनर रह चुकी हैं। वहीं, सृति झा कुमकुम भाग्य की प्रेरणा के रूप में दर्शकों केबीच काफी मशहूर हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 की बात करें तो इस बार यह शो साउथ अफ्रीका में शूट किया जाएगा। शो की शूटिंग मई के अंत में शुरू होगी।


आज़ादी का अमृत महोत्सव
आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री
एकीकृत रेफरल ट्रांसपोर्ट प्रणाली (IRTS)
108 संजीवनी एम्बुलेंस एवं जननी एक्सप्रेस का
लोकार्पण
Government of Madhya Pradesh
108
Advanced life Support (ALS) आपातकालीन सेवा
AMBULANCE
निःशुल्क सेवा
JAES PROJECTS (I) PVT. LTD.
सेवाएं अब और भी बेहतर
108 संजीवनी एम्बुलेंस
अब 1002 एम्बुलेंस का संचालन
जननी एक्सप्रेस
अब 1050 जननी एम्बुलेंस का संचालन
108 कॉल सेंटर
अब 110 सीटों के कॉल सेंटर का संचालन
हितग्राही और एम्बुलेंस की रियल टाइम लोकेशन होगी प्राप्त
संबंधित अस्पताल को मिलेगी पूर्व सूचना
एम.पी. 108 संजीवनी एप के माध्यम से भी बुला सकेंगे निःशुल्क एम्बुलेंस
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए आवश्यकतानुसार अस्पतालों की मैपिंग
एम्बुलेंस सेवा के लिए 108 पर कॉल करें या एम.पी. 108 संजीवनी एप को डाउनलोड करें
http://nhmmp.gov.in/MP108Sanjeevani.apk
मुख्य अतिथि
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री
गरिमामयी उपस्थिति
विश्वास सारंग
मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मध्यप्रदेश शासन
डॉ. प्रभुराम चौधरी
मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन
29 अप्रैल 2022, समय - प्रातः 11.15 बजे
स्थान : लाल परेड ग्राउण्ड, भोपाल
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
DDMP व क्षेत्रीय चैनल्स
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश
D-11030/22